सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का
हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण
पर
निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

हिमाचल प्रदेश सरकार

वर्ष 2024 का प्रतिवेदन संख्या 3

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

हिमाचल प्रदेश में
प्रतिपूरक वनीकरण पर निष्पादन लेखापरीक्षा
प्रतिवेदन

हिमाचल प्रदेश सरकार

वर्ष 2024 का प्रतिवेदन संख्या 3

अनुक्रमणिका

विवरण	संदर्भ	
	परिच्छेद	पृष्ठ
प्रस्तावना	-	iii
कार्यकारी सारांश	-	v
अध्याय I: परिचय		
हिमाचल प्रदेश में वनों की प्रास्थिति	1.1	2
वन भूमि के अपवर्तन की आवश्यकता वाली परिस्थितियां	1.2	3
प्रतिपूरक वनीकरण की आवश्यकता	1.3	3
वन मंजूरी देने की प्रक्रिया	1.4	6
वन विभाग की संगठनात्मक संरचना	1.5	8
लेखापरीक्षा उद्देश्य	1.6	9
लेखापरीक्षा मानदंड	1.7	10
लेखापरीक्षा का कार्य-क्षेत्र एवं कार्यप्रणाली	1.8	10
लेखापरीक्षा को अभिलेख/जानकारी प्रस्तुत न करना	1.9	12
आभार	1.10	13
अध्याय II: हिमाचल प्रदेश प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राज्य प्राधिकरण)		
परिचय	2.1	15
लेखापरीक्षा निष्कर्ष	2.2	21
वित्तीय प्रबंधन में अनियमितता	2.3	25
निष्कर्ष	2.4	30
सिफारिशें	2.5	30
अध्याय III: वन संरक्षण अधिनियम के तहत वन अपवर्तन के प्रस्ताव		
वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत वर्ष 2016-17 एवं 2020-21 के मध्य प्रस्तुत प्रस्तावों की प्रास्थिति	3.1	31
निष्कर्ष	3.2	51
सिफारिशें	3.3	51
अध्याय IV: हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियां		
परिचय	4.1	53
प्रतिपूरक वनीकरण की योजना एवं कार्यान्वयन में पाई गई कमियां	4.2	55
स्वतंत्र प्रतिपूरक वनीकरण मामलों में देखी गईं कमियां	4.3	61
अन्य कमियां	4.4	80
निष्कर्ष	4.5	83
सिफारिशें	4.6	84

विवरण	संदर्भ	
	परिच्छेद	पृष्ठ
अध्याय V: जलागम क्षेत्र शोधन योजना		
जलागम क्षेत्र शोधन योजनाएं	5.1	85
राज्य में जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की प्रास्थिति	5.2	86
ख़राब निगरानी के कारण जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं के तहत निधियों की अल्प वसूली	5.3	87
बजोली होली जलागम क्षेत्र शोधन योजना मामले का अध्ययन (केस स्टडी)	5.4	89
निष्कर्ष	5.5	104
सिफारिशें	5.6	105
अध्याय VI: प्रतिपूरक वनीकरण पर भू-स्थानिक अध्ययन		
परिचय	6.1	107
प्रतिपूरक वनीकरण पर भू-स्थानिक अध्ययन	6.2	107
सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों में भूमि उपयोग-भूमि आवरण पर भू-स्थानिक अध्ययन	6.3	123
निष्कर्ष	6.4	127
सिफारिशें	6.5	128
परिशिष्ट		131

प्रस्तावना

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

इस प्रतिवेदन में हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण मामलों एवं जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की दक्षता का आकलन करने के लिए अप्रैल 2006 से मार्च 2021 तक की अवधि तथा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अप्रैल 2016 से मार्च 2021 तक की अवधि के दौरान भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां व सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 के प्रावधानानुसार संचालित की गई निष्पादन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम अंतर्विष्ट हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़े यथोचित स्थानों पर समाविष्ट किए गए हैं।

यह लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए (मार्च 2017) लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप की गई है।

कार्यकारी सारांश

कार्यकारी सारांश

हिमाचल प्रदेश के वन गाद रोकने, वर्षा जल की प्रचंडता को कम करने तथा पीने व कृषि उद्देश्यों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 एक महत्वपूर्ण केंद्रीय विधान है जो विभिन्न विकास उद्देश्यों के लिए वन भूमि के केवल अपरिहार्य उपयोग की अनुमति देता है तथा प्रतिपूरक वनीकरण के माध्यम से वनावरण के पुनर्जनन का प्रावधान करता है।

वनों के महत्व को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण पर निष्पादन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई थी कि क्या वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के कार्यान्वयन के लिए बनाया गया तंत्र दक्ष व प्रभावी ढंग से एवं निर्धारित मानदंडों के अनुसार संचालित हो रहा था एवं क्या नियमों के तहत प्रदान की गई प्रतिपूरक वनीकरण व जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की प्रणाली पर्याप्त और प्रभावी ढंग से कार्यान्वित की गई थी।

इस प्रतिवेदन में प्रतिपूरक वनीकरण मामलों एवं जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की दक्षता का आंकलन करने के लिए अप्रैल 2006 से मार्च 2021 तक की अवधि और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रभावी कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए अप्रैल 2016 से मार्च 2021 तक की अवधि को शामिल करते हुए "हिमाचल प्रदेश राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण" पर निष्पादन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम समाविष्ट हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़े यथोचित स्थानों पर सम्मिलित किए गए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के कार्यालयों, जिसमें रिपोर्टिंग शाखाएं, हिमाचल प्रदेश प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राज्य प्राधिकरण), अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य योजना एवं समायोजन) व अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं प्रशिक्षण) शामिल हैं, के अभिलेखों की संवीक्षा की गई। लेखापरीक्षा नमूने में नौ मण्डल (37 क्षेत्रीय मण्डलों में से) लिए गए थे, जिनका चयन उनके निष्पादन के मूल्यांकनार्थ स्तरीकृत यादृच्छिक नमूने के माध्यम से विस्तृत जांच हेतु किया गया था।

राज्य प्राधिकरण की बैठकें निर्धारित अंतराल पर आयोजित नहीं की गईं एवं राज्य प्राधिकरण प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण पर व्यय हेतु प्रस्तावित निधियों का भी उपयोग नहीं कर पाया और वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित निधियों के उपयोग में ₹ 169.73 करोड़ (20 प्रतिशत) की कमी रही। राज्य के स्वयं के राज्य कोष के गठन के बावजूद, प्रतिपूरक वनीकरण कोष नियम, 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, प्रयोक्ता एजेंसियों ने फरवरी 2019 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण के खाते में निधियां जमा करना जारी रखा। निवल वर्तमान मूल्य के राशि के उपयोग पर पर्यावरण, वन

और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए, वर्ष 2019-20 व 2020-21 के दौरान अवक्रमित वन भूमि के विकास घटक के अंतर्गत नेचर/इको पार्कों के विकास पर ₹ 6.51 करोड़ का अनुचित व्यय किया गया। वर्ष 2019-20 से 2020-21 की राज्य प्राधिकरण की वार्षिक वित्तीय विवरणियों को अंतिम रूप नहीं दिया गया।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत विभिन्न प्रयोक्ता एजेंसियों (जलविद्युत परियोजनाएं, सड़क, शिक्षण संस्थान, अस्पताल, ट्रांसमिशन लाइन इत्यादि) द्वारा 1,018 मामले वन मंजूरी प्रदान करने के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 766 मामले अनुमोदन हेतु लंबित थे। इन 766 मामलों में से 17 प्रतिशत मामले राज्य वन विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित थे, जबकि शेष मामले प्रयोक्ता एजेंसियों के स्तर पर लंबित थे। अनुमोदित वन संरक्षण अधिनियम मामलों में सैद्धांतिक अनुमोदन हेतु वन संरक्षण अधिनियम मामलों पर प्रक्रिया करने में विभिन्न स्तरों पर आठ प्रतिशत (राज्य सरकार से क्षेत्रीय कार्यालय तक) से 93 प्रतिशत (नोडल अधिकारी से राज्य सरकार तक) तक का विलम्ब देखा गया। चयनित मण्डलों में प्रतिपूरक वनीकरण मामलों के 360 डिग्री विश्लेषण से पता चला कि राज्य सरकार ने अपूर्ण डाटा (विवरण) प्रस्तुत किया एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विभाग में विभिन्न स्तरों पर आवेदनों पर प्रक्रिया करने में अत्यधिक विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का गलत डेटा (केएमएल फाइलें) अपलोड किया गया था, जो राज्य/केंद्र स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। पाया गया कि प्रतिपूरक वनीकरण का कार्य निर्दिष्ट खुले अवक्रमित वनों के बाहर किया जा रहा था एवं इन प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों पर अतिक्रमण के मामले भी पाए गए।

वन संरक्षण अधिनियम मामलों के त्वरित निपटानार्थ प्रतिपूरक वनीकरण हेतु भूमि बैंक चिह्नित करने की राज्य स्तरीय समिति के गठन के बाद भी लेखापरीक्षा में ली गई अवधि के दौरान कोई भूमि बैंक चिह्नित नहीं किया जा सका। चयनित मण्डलों में की गई प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी रही। प्रतिपूरक वनीकरण हेतु निर्धारित 5,213 हेक्टेयर के सापेक्ष केवल 4,284 हेक्टेयर में ही प्रतिपूरक वनीकरण किया गया। एक से दो वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर प्रतिपूरक वनीकरण न करने से अधिनियम का उद्देश्य विफल हो गया क्योंकि भूमि एवं वृक्षों की हानि की क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकी, साथ ही लागत वृद्धि के कारण 69 मामलों में ₹ 8.72 करोड़ की अतिरिक्त देयता भी निर्मित हुई। 194 मामलों में वृक्षारोपण में विलम्ब, पर्यावरणीय हानि की विलम्बित क्षतिपूर्ति/ क्षतिपूर्ति न होने, इस वृक्षारोपण के रखरखाव पर ₹ 2.03 करोड़ के व्यय आधिक्य एवं ₹ 12.87 करोड़ की देयता के रूप में परिणत हुआ। नमूना-जांचित 71 प्रतिशत मामलों में मण्डलों ने प्रतिपूरक वनीकरण स्थल परिवर्तित कर दिया एवं अभिलेखों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं था जिससे पता चले कि प्रतिपूरक वनीकरण की

अवस्थिति में परिवर्तन हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त किया गया था।

प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण की ₹ 3.29 करोड़ लागत की अल्प वसूली हुई, क्योंकि विभाग ने आगामी वर्षों में निर्धारित कार्यों की अनुमानित लागत वृद्धि हेतु यथोचित प्रावधान नहीं रखा।

दो परियोजना प्रस्तावकों के पक्ष में अपवर्तित किए गए वन क्षेत्र के बराबर खुले अवक्रमित वन के पुनर्जनन की लागत ₹ 5.53 करोड़ थी, जिसकी मांग/वसूली प्रयोक्ता एजेंसी से नहीं की गई। प्रयोक्ता एजेंसी ने टैक्सस बैकाटा के वृक्षारोपण की अनुमोदित योजनानुसार विभागीय प्रभार सहित वृक्षारोपण की लागत जमा नहीं की, जो ₹ 1.86 करोड़ की अवसूली में परिणत हुआ। इसी भांति विभाग अटल टनल, रोहतांग दर्रे के निर्माण से संबंधित ₹ 12.09 करोड़ की लागत वाली मलबा पुनर्वास योजना को मंजूरी के 13 वर्ष बाद भी लागू करने में विफल रहा। प्रयोक्ता एजेंसी ने कोई निधि जमा नहीं की।

एक परियोजना में विभाग ₹ 1.71 करोड़ के उपयोग के बाद भी अवक्रमित वन भूमि के पुनर्जनन की अतिरिक्त शर्त का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहा। इसके अतिरिक्त उक्त निधियों के उपयोग में राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण में निधियां जमा न करना, कैशबुक का अनुचित अनुरक्षण/अनुरक्षण न करना, वास्तविक व्यय किए बिना उपयोगिता-प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना, निधियों की जानकारी में कमी, वार्षिक संचालन योजना के माध्यम से व्यय न करना, लेखापरीक्षा को गलत/भ्रामक उत्तर प्रस्तुत करना व बिल/वाउचर प्रस्तुत न करना जैसे दृष्टांत पाए गए।

₹ 1.01 करोड़ के व्ययोपरांत भी विभाग हाई एल्टित्युड ट्रांज़िशन ज़ोन के तहत कोई वृक्षारोपण नहीं कर सका और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 500 हेक्टेयर हाई एल्टित्युड ट्रांज़िशन ज़ोन स्थापित करने की अतिरिक्त शर्त अपूर्ण रही। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिरोपित शर्तों का चार वर्षों तक उल्लंघन करने के कारण प्रयोक्ता एजेंसी को ₹ 3.29 करोड़ के सामान्य निवल वर्तमान मूल्य के दोगुने के बराबर शास्ति का भुगतान करना था, हालांकि विभाग इसकी वसूली करने में विफल रहा। वन संरक्षण अधिनियम के तहत पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना एवं मण्डल की कार्य-योजना में वन अतिथिगृहों के निर्माण के प्रावधान के बिना ₹ 3.06 करोड़ की लागत पर पांच नए विश्रामगृह बनाए गए (जिनमें वीआईपी कमरों सहित आठ कमरे हैं)।

जलागम क्षेत्र शोधन योजना 10 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली प्रस्तावित सिंचाई/जलविद्युत परियोजनाओं के जलागम क्षेत्र के पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बढ़ाने व बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक योजना है। विभाग द्वारा प्रयोक्ता एजेंसियों से देय निधियों, वास्तव

में जमा की गई निधियों एवं उनके सापेक्ष किए गए व्यय के संदर्भ में राज्य में परिचालित जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं से संबंधित विवरण अनुरक्षित नहीं किए गए, जो निगरानी तंत्र की कमी को दर्शाता है। विभाग संशोधित तकनीकी-आर्थिक मंजूरी के अनुसार जल विद्युत परियोजना की लागत वृद्धि के विषय में अनभिज्ञ था अतः प्रयोक्ता एजेंसी से ₹ 198.73 करोड़ की निधि की अतिरिक्त मांग करने में विफल रहा। तीन जल विद्युत परियोजनाओं के संदर्भ में संशोधित तकनीकी-आर्थिक मंजूरी के अनुसार स्थापित क्षमता 10 मेगावाट से अधिक तक बढ़ा दी गई। हालांकि वन विभाग इस बढ़ी हुई क्षमता से अनभिज्ञ था व इन जलविद्युत परियोजनाओं से संदर्भित अधिकतम ₹ 8.48 करोड़ निधियों की मांग नहीं की, साथ ही इन तीन जलविद्युत परियोजनाओं हेतु कोई जलागम क्षेत्र शोधन योजना निरुपित नहीं की गई। बजोली होली जल विद्युत परियोजनार्थ चयनित जलागम क्षेत्र शोधन योजना की नमूना-जांच से पता चला कि मण्डल निर्धारित समयावधि के भीतर वनीकरण के विभिन्न घटकों के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति में विफल रहा और स्थल निरीक्षण किए बिना ही वृक्षारोपण स्थलों को परिवर्तित कर दिया गया। मण्डल ने जलागम क्षेत्र शोधन योजनांतर्गत निर्धारित अध्ययन नहीं किए। मण्डल ने जलागम क्षेत्र शोधन योजना के तहत निर्धारित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के कार्य जैसे बाउंड्री पिल्लर्स की मरम्मत, अग्निशमन लाइनों का निर्माण, ऊर्जा बचत उपकरणों का वितरण एवं गाद पर्यवेक्षण चौकियों का निर्माण प्रारंभ तक नहीं किया। इसके अतिरिक्त जलागम क्षेत्र शोधन योजना के कार्यान्वयन की कोई निगरानी व मूल्यांकन नहीं किया गया।

22 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के भू-स्थानिक अध्ययन के दौरान पाया गया कि विभाग ने खुले अवक्रमित वनों के बाहर व्यर्थ/अनियमित प्रतिपूरक वनीकरण किया, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि 83 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण कार्य खुले अवक्रमित वनों के बाहर किया गया। यह भी पाया गया कि 47 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण बहुत सघन वन/मध्यम सघन वन में किया गया, जो इन क्षेत्रों में प्रतिपूरक वनीकरण के कार्यान्वयन पर संदेह उत्पन्न करता है (क्योंकि इन क्षेत्रों में पहले से ही सघन वन मौजूद थे)। वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर प्रतिपूरक वनीकरण स्थल चयन हेतु कोई तंत्र मौजूद नहीं था एवं विभाग राज्य के खुले अवक्रमित वन क्षेत्र में भूमि बैंकों/उपयुक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थल चिह्नित करने के लिए उसके भौगोलिक सूचना प्रणाली सेल के पास उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करने में भी विफल रहा।

भू-स्थानिक अध्ययन में छः प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों पर संरचनाओं (निर्मित क्षेत्र) एवं 11 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों पर कृषि किए जाने के रूप में प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों पर संभावित अतिक्रमण को भी इंगित किया। इसके अतिरिक्त सात आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में संरचनाओं (निर्मित क्षेत्र) की उपस्थिति देखी गई एवं 10 आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में कृषि होना देखा गया।

इस प्रकार निष्पादन लेखापरीक्षा में राज्य में वनावरण के संबंध में सूचना/आंकड़ों से संबंधित चूक/त्रुटियां एवं वनावरण में शामिल एजेंसियों के मध्य समन्वय का अभाव उजागर हुआ।

सिफारिशें:

लेखापरीक्षा निष्कर्षों के आलोक में राज्य सरकार निधियों का इष्टतम उपयोग व राज्य प्राधिकरण के अधीन कार्यों का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य प्राधिकरण की निर्धारित बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें। वार्षिक लेखाओं एवं रिपोर्टों को समय पर अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें।

विभाग वन संरक्षण अधिनियम मामलों के सैद्धांतिक अनुमोदन में लंबितता एवं विलम्ब घटाने हेतु उचित क़दम उठाएं। ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर किए गए प्रतिपूरक वनीकरण के विवरण संबंधी सही जानकारी अपलोड करना सुनिश्चित करें। विभाग प्रतिपूरक वनीकरण में लागत-वृद्धि व लंबितता से बचने के लिए वन संरक्षण अधिनियम मंजूरी के मामलों में निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण का अनिवार्य व समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करें। वन संरक्षण अधिनियम मामलों के त्वरित निपटानार्थ भूमि बैंक चिह्नित करें एवं प्राप्त किए गए प्रतिपूरक वनीकरण की सही स्थिति तक पहुंचने के लिए वन संरक्षण अधिनियम मामलों एवं उनके सापेक्ष किए गए प्रतिपूरक वनीकरण का केंद्रीकृत डेटाबेस अनुरक्षित करें।

विभाग वन संरक्षण अधिनियम के तहत अनुमोदन देने के दौरान पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिरोपित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने व निगरानी करने हेतु एक सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण तंत्र निर्मित करें। वे अनुमोदित योजनाओं से विचलन के मामलों के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी तय करने के लिए उचित कार्रवाई हेतु मामलों की समीक्षा करें एवं निधियों के संभावित दुरुपयोग के मामलों की जांच करें।

विभाग नियमित निगरानी हेतु प्रयोक्ता एजेंसी से देय निधि, वास्तव में जमा की गई निधि एवं किये गए व्यय के संदर्भ में राज्य की जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं हेतु केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने पर विचार करें। वे अंतिम अनुमोदनोपरांत जलविद्युत परियोजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय बनाएं ताकि परियोजना की लागत व क्षमता में परिवर्तन का पता लगाया जा सके एवं जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं का समयबद्ध निरूपण/संशोधन सुनिश्चित किया जा सके। यह सुनिश्चित करने के लिए जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की नियमित निगरानी व मूल्यांकन करें कि जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं के निर्देशों का कठोरता से एवं निर्धारित समयावधि के भीतर पालन किया जा रहा है।

विभाग खुले अवक्रमित वन के अंतर्गत भूमि बैंकों/उपयुक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थल चिह्नित करने हेतु उसके जीआईएस अनुभाग के पास उपलब्ध डेटा का उपयोग करने पर विचार करें

ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिपूरक वनीकरण का कार्य निर्दिष्ट चयनित स्थल पर वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। वह मध्यम सघन वन/अति सघन वन क्षेत्रों में किए गए प्रतिपूरक वनीकरण के मामलों की जांच करें एवं जहां आवश्यक हो, जिम्मेदारी तय करें। वह प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की चयन प्रक्रिया एवं निष्पादन के दौरान अवस्थिति में बाद के परिवर्तन के कारणों का विश्लेषण करने के साथ अवस्थिति के अनधिकृत परिवर्तन वाले मामलों में ज़िम्मेदारी तय करें।

विभाग प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों एवं सीमांकित संरक्षित वनों/ आरक्षित वनों को अतिक्रमण मुक्त रखना सुनिश्चित करने के लिए नियमित गश्त करने पर एवं भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के अनुसार अतिक्रमण के मामलों की जांच एवं दोषियों पर क़ानूनी कार्रवाई करने पर विचार करें।

अध्याय ।

परिचय

अध्याय I
परिचय

वन पृथ्वी पर जीवन-समर्थन प्रणाली को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण घटक हैं और इमारती लकड़ी, ईंधन, चारा एवं औषधियों के स्रोत हैं। वन अपने सौंदर्य व सांस्कृतिक मूल्यों के अतिरिक्त जैव विविधता के समृद्ध भंडार के रूप में भी कार्य करते हैं एवं वायु गुणवत्ता व जलवायु के विनियमन, मिट्टी के निर्माण एवं पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में उनकी भूमिका के लिए पहचाने जाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं, जैसे बाढ़, सूखा, भूस्खलन एवं अन्य चरम घटनाओं के खतरे को कम करने में भी इनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 48अ में यह अपेक्षित है कि देश में पर्यावरण की सुरक्षा व सुधार हेतु राज्य वनों और वन्य जीवन की रक्षा का प्रयास करेगा। अनुच्छेद 51अ के तहत प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह वनों, झीलों, नदियों व वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार करे तथा जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखे। सतत विकास लक्ष्य 15 में "स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र के सतत उपयोग के रक्षण, पुनर्स्थापन एवं प्रोत्साहन, वनों के स्थायी प्रबंधन, मरुस्थलीकरण से लड़ना, भू-क्षरण पर विराम और उसे उलटना एवं जैव विविधता की हानि पर रोक" को लक्षित किया गया है। इस निष्पादन लेखापरीक्षा का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियों के वास्तविक कार्यान्वयन की पहचान करके इस लक्ष्य का समर्थन करना है।

मानचित्र 1.1: हिमाचल प्रदेश का वनावरण मानचित्र



स्त्रोत: भारत के राज्य की वन रिपोर्ट 2021

वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एवं उसके तहत बनाए गए नियम राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियों की योजनाओं को शासित करते हैं।

1.1 हिमाचल प्रदेश में वनों की प्रास्थिति

राज्य के वन ब्यास, चिनाब, रावी, सतलुज व यमुना सहित पांच प्रमुख नदियों के महत्वपूर्ण जलागम क्षेत्र हैं। ये वन न केवल आस-पास के राज्यों के मैदानी-क्षेत्रों में कृषि-वानिकी प्रणाली का समर्थन करते हैं अपितु राज्य एवं राष्ट्र की जल विद्युत आवश्यकताओं की भी पूर्ति करते हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य का भौगोलिक क्षेत्रफल 55,673 वर्ग किलोमीटर है जो देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का 1.69 प्रतिशत है। राज्य के सभी 12 जिले पहाड़ी जिले हैं। राज्य का लगभग एक-तिहाई क्षेत्र स्थायी रूप से बर्फ, ग्लेशियर और ठंडे रेगिस्तान के अंतर्गत आता है। कठोर जलवायुवीय परिस्थितियों के कारण इस क्षेत्र में वृक्षों की वृद्धि न्यूनतम होती है। राज्य का अभिलिखित वन क्षेत्र[1] 37,948 वर्ग किलोमीटर है जो इसके भौगोलिक क्षेत्रफल का 68.16 प्रतिशत है। हालांकि वन के अंतर्गत वास्तविक क्षेत्र केवल 15,443 वर्ग किलोमीटर है जो इसके भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 27.73 प्रतिशत है। राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुसार हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में कम से कम दो तिहाई यानी 66 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में वन होने चाहिए। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक दो लाख हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण के माध्यम से भौगोलिक क्षेत्र का 30 प्रतिशत[2] वनावरण के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है। शेष अभिलिखित वन क्षेत्र बंजर भूमि है। वनों के वर्गीकरण की श्रेणियों का विवरण नीचे **तालिका 1.1** में दिया गया है।

तालिका 1.1: अभिलिखित वन क्षेत्र

क्र. सं.	वर्गीकरण	वर्ग किलोमीटर में क्षेत्रफल	भौगोलिक क्षेत्रफल का प्रतिशत
1	भौगोलिक क्षेत्रफल	55,673	100.00
2	विधिक रूप से वर्गीकृत वन क्षेत्र	37,948	68.16
3	**वनावरण के अंतर्गत क्षेत्र**	**15,443**	**27.73**
वनावरण के अंतर्गत क्षेत्र का विभाजन			
i)	अति सघन वन[3]	3,163	
ii)	मध्यम सघन वन[4]	7,100	
iii)	खुले वन[5]	5,180	

स्रोत: भारत वन स्थिति सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 व हिमाचल प्रदेश वन विभाग सांख्यिकी रिपोर्ट 2019

[1] सरकारी अभिलेखों में वन के रूप में दर्ज सभी क्षेत्र अभिलिखित वन क्षेत्र में शामिल हैं। इनमें भारतीय वन अधिनियम 1927 या इसके समकक्ष राज्य अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गठित बड़े पैमाने पर आरक्षित वन व संरक्षित वन सम्मिलित हैं। वे क्षेत्र जो राजस्व अभिलेखों में वनों के रूप में दर्ज हैं या किसी अन्य राज्य अधिनियम या स्थानीय कानून के तहत गठित किए गए हैं, उन्हें भी अभिलिखित वन क्षेत्र में लिया गया है।

[2] दृष्टि हिमाचल प्रदेश - 2030 दस्तावेज़ के अनुसार हिमाचल प्रदेश सरकार का आधिकारिक सतत विकास लक्ष्य दस्तावेज़।

[3] 70 प्रतिशत और उससे अधिक के छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव आवरण सहित) वाली सभी भूमि।

[4] 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत के बीच छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव आवरण सहित) वाली सभी भूमि।

[5] 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव आवरण सहित) वाली सभी भूमि।

वर्ष 2011 से 2021 की अवधि के दौरान वनावरण के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की प्रवृत्ति नीचे **चार्ट 1.1** में दी गई है।



स्रोत: संबंधित वर्षों की भारत वन स्थिति रिपोर्ट। आंकड़े एक दशक में विभिन्न प्रकार के वनों के द्विवार्षिक वितरण को दर्शाते हैं।

चार्ट 1.1 से स्पष्ट है कि मध्यम सघन वन एवं खुले वन के अंतर्गत आए क्षेत्रफल में मामूली वृद्धि जबकि अति सघन वन के अंतर्गत आए क्षेत्र में मामूली गिरावट पाई गई।

1.2 वन भूमि के अपवर्तन की आवश्यकता वाली परिस्थितियां

वनों का उपयोग आमतौर पर पूरी तरह या आंशिक रूप से वनों पर निर्भर वनवासियों, ग्रामीणों एवं अन्य लोगों या प्रजातियों की जीवनशैली और उनके हित के लिए किया जाता है। इनका उपयोग प्राकृतिक संरक्षण-क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, जीवमंडल संरक्षण-क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्वों), वनस्पतियों व जीवों की किसी भी लुप्तप्राय या विलोपोंमुखी प्रजातियों के आवास के रूप में एवं नदी घाटी या जलविद्युत परियोजनाओं के कारण अपने निवास से विस्थापित व्यक्तियों के दूसरों के बीच पुनर्वास एवं कृषि उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है। वन भूमि सामान्यतः विद्युत परियोजनाओं, सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, रेलवे, स्कूलों, अस्पतालों के निर्माण, ग्रामीण विद्युतीकरण, दूरसंचार, पेयजल सुविधाओं व खनन जैसे वनेत्तर प्रयोजनों हेतु विकासात्मक गतिविधियों की सुविधा हेतु अपवर्तित की जाती है। वनेत्तर प्रयोजनार्थ वन भूमि के अपवर्तन हेतु वन मंजूरी देने की प्रक्रिया आगामी परिच्छेदों में स्पष्ट की गई है।

1.3 प्रतिपूरक वनीकरण की आवश्यकता

वनेत्तर उपयोगार्थ वन भूमि का अपवर्तन 'वृक्ष के बदले वृक्ष' और 'भूमि के बदले भूमि' की अवधारणा पर आधारित है। वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 में कहा गया है कि प्रतिपूरक

वनीकरण हेतु वनेत्तर भूमि यथासंभव आरक्षित वन या संरक्षित वन से लगे हुए या समीप क्षेत्र में चिह्नित की जाए। यदि प्रतिपूरक वनीकरण हेतु वनेत्तर भूमि उसी जिले में उपलब्ध नहीं है, तो इसे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में कहीं और चिह्नित किया जाए। यदि सम्पूर्ण राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में वनेत्तर भूमि उपलब्ध नहीं है, तो प्रयोक्ता एजेंसी अपवर्तित वन भूमि के दोगुने क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण निर्मित करने हेतु निधियां उपलब्ध कराए। राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण हेतु उपयुक्त वनेत्तर भूमि की अनुपलब्धता को केंद्र सरकार द्वारा केवल राज्य या केंद्र शासित प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव का प्रमाणपत्र मिलने पर ही स्वीकार किया जाएगा। केन्द्र सरकार या केन्द्रीय उपक्रम के मामले में नदी तल से लघु खनिज निष्कर्षण, सम्पर्क सड़कों का निर्माण, लघु जल कार्य, लघु सिंचाई कार्य व ट्रांसमिशन लाइनें बिछाने जैसी परियोजनाओं हेतु अवक्रमित वन भूमि पर वन भूमि के दोगुने क्षेत्रफल पर प्रतिपूरक वनीकरण सृजित किया जाए।

वनेत्तर प्रयोजनार्थ वन भूमि के अपवर्तन की शर्तों के घटकों को **चार्ट 1.2** में दर्शाया गया है।

चार्ट 1.2: वनेत्तर प्रयोजनार्थ वन भूमि के अपवर्तन के घटक



स्रोत: वन संरक्षण अधिनियम 1980 व वन संरक्षण नियम 2003

वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अनुसार अनुमोदित विकासात्मक परियोजना की प्रयोक्ता एजेंसी उन वनों के पुनर्जनन (पुनरुत्थान) हेतु धन उपलब्ध कराएगी जिन्हें परियोजनार्थ अपवर्तित करने की मांग की जा रही हो। यह पुनरुत्थान राज्य प्राधिकारियों द्वारा किसी अन्य निर्दिष्ट व अनुमोदित स्थान पर किया जाए। योजनानुसार ऐसे मामले में जहां प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा निजी वनेत्तर भूमि प्रदान की जाती है, वहां अपवर्तित की गई वन भूमि के बराबर क्षेत्र में वनीकरण किया जाए। यद्यपि उस मामले में जहां निजी वन भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां

अपवर्तित वन भूमि के दोगुने क्षेत्र में खुले अवक्रमित वन (खुले वन) में वनीकरण किया जाना आवश्यक है।

प्रयोक्ता एजेंसी को हेक्टेयर में अपवर्तित किए जाने वाले क्षेत्र, अपवर्तित करने वाले वन की प्रकृति, प्रस्तावित परियोजना की प्रकृति, प्रारंभ की जाने वाली परियोजना की प्रकृति, क्षेत्र की प्रकृति यथा जनजातीय अथवा गैर-जनजातीय, वन स्थल की निकटता, इत्यादि पर आधारित निर्धारित दरों पर धन उपलब्ध कराना अपेक्षित है। प्रतिपूरक वनीकरण किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों हेतु प्रति हेक्टेयर दर प्रत्येक वर्ष अधिसूचित की जाती है एवं प्रतिपूरक वनीकरण योजना हेतु अपेक्षित धन के परिकलन हेतु वन मंडलाधिकारी स्तर पर गणना की जाती है। अपेक्षित धन अधिसूचित दरों के आधार वृक्षारोपण की मूल लागत एवं 10 वर्षों में रखरखाव लागत के आधार पर परिकलित किया जाता है। प्रतिपूरक वनीकरण के अतिरिक्त वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में प्रयोक्ता एजेंसी को दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण करना भी अपेक्षित है।

प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 की धारा 6 के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण[6], अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण[7], दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण[8], अपवर्तित वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य[9] या जलागम क्षेत्र शोधन[10] योजना आदि के लिए प्राप्त धन को वन भूमि के अपवर्तन हेतु अनुमोदित प्रस्तावों के साथ राज्य द्वारा प्रस्तुत साइट-स्पेसिफिक योजनाओं के अनुसार उपयोग किया जाना अपेक्षित है। धन प्राप्ति के पश्चात् राज्य वन विभाग को एक वर्ष या दो वर्ष की अवधि के भीतर उस वनीकरण को पूर्ण करना होता है, जिसके लिए प्रतिपूरक वनीकरण निधि में धन जमा किया गया है। इन निधियों का उपयोग वन एवं वन्यजीव प्रबंधन के विकास, रखरखाव व सुरक्षा हेतु किया जाए।

---

6 वनेत्तर प्रयोजनार्थ वन भूमि के अपवर्तन हेतु केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के लिए प्रतिपूरक वनीकरण सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता/शर्तों में से एक है तथा इसका उद्देश्य 'भूमि से भूमि' व 'वृक्ष से वृक्ष' की हानि की पूर्ति करना है।

7 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय कुछ मामलों में अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण की शर्त भी अधिरोपित करता है।

8 दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण का अर्थ है कि जिस अधिकतम क्षेत्र के स्थान पर वनेत्तर गतिविधियां की गई हैं वहां वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी प्राप्त किए बिना, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत जारी दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट प्रतिपूरक वनीकरण से अधिक वनीकरण किया गया हैं।

9 निवल वर्तमान मूल्य का अर्थ है वनेत्तर उपयोगों के लिए पथांतरित वन क्षेत्र हेतु प्रदान की गई पर्यावरणीय सेवाओं का परिमाणन, जैसाकि इस संबंध में समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

10 जलागम क्षेत्र शोधन योजना मृदा व नमी के संरक्षण एवं जल व्यवस्था के प्रबंधन हेतु साइट-स्पेसिफिक जैविक व इंजीनियरिंग उपायों के माध्यम से प्रस्तावित सिंचाई/जलविद्युत परियोजना के जलागम क्षेत्र के पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण व आवश्यक योजना है। छोटी जल विद्युत परियोजनाओं (अधिकतम 10 मेगावाट क्षमता तक) को छोड़कर, सिंचाई/जलविद्युत परियोजनाओं हेतु वन भूमि के अपवर्तन प्रस्ताव के साथ हमेशा विस्तृत जलागम क्षेत्र शोधन योजना संलग्न की जाए।

वनेत्तर उपयोग के लिए अपवर्तित की गई वन भूमि से मूर्त व अमूर्त लाभों की हानि की क्षतिपूर्ति हेतु प्रयोक्ता एजेंसियों से प्राकृतिक वनों को हुए नुकसान की पर्याप्त क्षतिपूर्ति के लिए भूमि का निवल वर्तमान मूल्य वसूल किया जाए। इस तरह निधियों का उपयोग प्राकृतिक सहायता प्राप्त पुनर्जनन, वन प्रबंधन व सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास, वन्यजीव संरक्षण व प्रबंधन, लकड़ी व अन्य वन उपज की आपूर्ति, ऊर्जा-बचत उपकरणों तथा अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए किया जाए।

1.4 वन मंजूरी देने की प्रक्रिया

प्रत्येक प्रयोक्ता एजेंसी, जो किसी वन भूमि का उपयोग वनेत्तर प्रयोजनार्थ (वन संरक्षण अधिनियम की धारा 2 के अंतर्गत) करना चाहती है, उसे संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार के नोडल अधिकारी,[11] वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को प्रस्ताव देना एवं नोडल अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त रसीद की एक प्रति के साथ प्रस्ताव की एक प्रति संबंधित वन मंडलाधिकारी या वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय, साथ ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत भेजना अपेक्षित है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकार के प्रस्तावों पर दो चरणों में पूर्व (अग्रिम) अनुमोदन प्रदान करता है; पहला, सैद्धांतिक या चरण-I अनुमोदन और दूसरा, सैद्धांतिक अनुमोदन में दी गई शर्तों के अनुपालन के आधार पर अंतिम या चरण-II अनुमोदन। तदोपरांत जब राज्य सरकार वनेत्तर प्रयोजनार्थ वन भूमि के उपयोग की अनुमति देने का निर्णय लेती है, उसे चरण-I व चरण-II मंजूरी देते समय केंद्र सरकार द्वारा अधिरोपित शर्तों एवं सुरक्षा उपायों को संलग्न करते हुए इस आशय के आदेश पारित करने होंगे।

भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत प्रतिपूरक वनीकरण हेतु समकक्ष वनेत्तर भूमि के हस्तांतरण, नामांतरण एवं आरक्षित वन/संरक्षित वन[12] के रूप में घोषित[13] करने से संबंधित शर्तें एवं इससे प्रतिपूरक वनीकरण के सृजन हेतु निधियां चरण-I में निर्धारित की जाती हैं। खनन के प्रयोजनार्थ अतिरिक्त शर्तें जैसे सुरक्षित स्थल (सेफ्टीजोन) क्षेत्र को बनाए रखना, बाड़

---

11 "नोडल अधिकारी" का अर्थ है वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन संरक्षण मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिकृत कोई भी अधिकारी जो वन संरक्षक के पद से नीचे न हो।

12 आरक्षित वन भारत वन अधिनियम 1927 या राज्य वन अधिनियमों के प्रावधानों के तहत अधिसूचित पूर्ण सुरक्षा प्राप्त क्षेत्र है। आरक्षित वन में सभी गतिविधियां तब तक प्रतिबंधित हैं जब तक अनुमति न दी जाए। सीमांकित संरक्षित वन भारत वन अधिनियम 1927 या राज्य वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिसूचित सीमित सुरक्षा प्राप्त क्षेत्र है। संरक्षित वनों में व्यक्तियों या समुदायों के किसी भी मौजूदा अधिकार प्रभावित नहीं होते।

13 वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अनुसार, प्रतिपूरक वनीकरण के उद्देश्यार्थ चिन्हित समतुल्य वनेत्तर भूमि को राज्य वन विभाग के नाम पर स्थानांतरित किया जाए (चरण-I अनुमोदन के बाद व चरण-II अनुमोदन से पहले) तथा भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 4 या धारा 29 के तहत आरक्षित वन/संरक्षित वन के रूप में घोषित किया जाए (अंतिम अनुमोदन के छह महीने के भीतर), ताकि निर्मित वृक्षारोपण को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सके।

लगाना व पुनरुत्थान इत्यादि एवं वृहद व मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए जलागम क्षेत्र शोधन योजनाएं निर्धारित की जाए। राज्य सरकार से निर्धारित शर्तों की अनुपालना से सम्बंधित रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात वन संरक्षण अधिनियम के तहत अंतिम अनुमोदन जारी किया जाता है।

वन संरक्षण अधिनियम के तहत अनुमति देने की प्रक्रिया **चार्ट 1.3** में दर्शाई गई है।

चार्ट 1.3: वन भूमि को वनेत्तर भूमि में अपवर्तित करने की प्रक्रिया का प्रवाह चार्ट



स्रोत: वन संरक्षण अधिनियम 1980 व वन संरक्षण नियम 2003

हिमाचल प्रदेश राज्य में अभिलिखित वन क्षेत्र वास्तविक वन क्षेत्र से बहुत विस्तृत है। 'वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एवं वन संरक्षण नियम, 2003 (दिशानिर्देश व स्पष्टीकरण), 2019 की दिशानिर्देशों की पुस्तिका के अनुसार' राज्य के लिए विद्यमान विशेष प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश की बंजर भूमि जो संरक्षित वनों की श्रेणी में तो आती है परन्तु इस

आधार पर उनका न तो भू-सीमांकन किया गया है और न ही राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम पर हस्तांतरित या परिवर्तित किया गया है, उन्हें प्रतिपूरक वनीकरण के लिए उपयोग करने पर विचार किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसी श्रेणी का दोगुना क्षेत्र प्रतिपूरक वनीकरण के अंतर्गत लिया गया हो तथा चरण-II के अनुमोदन से पूर्व राज्य वन विभाग के नाम पर नामांतरित करने के पश्चात् भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत संरक्षित वन/आरक्षित वन के रूप में घोषित किया गया हो। यह व्यवस्था केंद्र, राज्य व निजी क्षेत्र की परियोजनाओं पर प्रयोज्य है।

1.5 वन विभाग की संगठनात्मक संरचना

हिमाचल प्रदेश में राज्य वन विभाग वनों के अपवर्तन हेतु प्रशासनिक प्राधिकरण है। यह ऐसे प्रस्तावों को केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार है।

वन विभाग का संस्थागत व अन्य संरचनात्मक विवरण (ऑर्गेनोग्राम) **चार्ट 1.4** में दर्शाया गया है।

चार्ट 1.4: हिमाचल प्रदेश वन विभाग का ऑर्गेनोग्राम



स्रोतः वन विभाग की वेबसाइट

राज्य वन विभाग का नेतृत्व सचिव करता है जो विभाग का प्रशासनिक प्रमुख होता है। उनके अधीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख विभाग के प्रमुख के रूप में सभी वन मामलों को नियंत्रित करते हैं एवं वनों के प्रशासन एवं कार्यपद्धति पर यथा-आवश्यक निर्देश जारी करते

हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) को वन संरक्षण अधिनियम प्रस्तावों, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण, निगरानी व मूल्यांकन, शोध व प्रशिक्षण इत्यादि जैसे अलग-अलग कार्यों की देखरेख करने के लिए कई अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जिनमें से अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन संरक्षण अधिनियम) एवं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण) प्रतिपूरक वनीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षको को मुख्य वन संरक्षक/ वन संरक्षक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। इनके अतिरिक्त वृत्त (सर्कल) व मण्डल स्तर पर 10 मुख्य वन संरक्षक/वन संरक्षक एवं 37 उप वन संरक्षक/वन मंडलाधिकारी कार्यों की देखरेख करते हैं। 10 सर्कलों के अंतर्गत 37 क्षेत्रीय मण्डल हैं। क्षेत्रीय वन मण्डल का प्रमुख उप वन संरक्षक/वन मंडलाधिकारी होता है, जो उसके मण्डल के वन व्यवसाय एवं वित्त के यथोचित प्रबंधन हेतु जिम्मेदार होता है। इसके अतिरिक्त सहायक वन संरक्षक, रेंज अधिकारी, ब्लॉक अधिकारी व वन रक्षक वन मंडलाधिकारी को उनके निर्दिष्ट कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ उनके दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सहायता करते हैं।

उपरोक्त ऑर्गेनोग्राम से स्पष्ट है कि प्रतिपूरक वनीकरण से संबंधित ढांचा वास्तव में संपूर्ण संगठनात्मक पदानुक्रम में फैला हुआ है। इस प्रतिवेदन के **अध्याय II** में राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण के संगठनात्मक ढांचे पर विस्तार से चर्चा की गई है।

1.6 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई कि :

- क्या वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत अनुमोदन की प्रकिया कुशलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप चल रही थी, तथा
- क्या नियमों के तहत प्रदान की गई प्रतिपूरक वनीकरण, जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की व्यवस्था पर्याप्त एवं प्रभावी ढंग से लागू की गई थी।

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा से समाविष्ट 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए सामाजिक, सामान्य एवं आर्थिक क्षेत्रों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन (हिमाचल प्रदेश सरकार) पर अगस्त 2019 में राज्य की लोक लेखा समिति द्वारा चर्चा की गई। लेखापरीक्षा में आगे जांच की गई कि क्या विभाग ने लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर आधारित सुधारात्मक उपाय अपनाए थे।

1.7 लेखापरीक्षा मानदंड

लेखापरीक्षा निष्कर्षों को निम्नलिखित न्यूनतम मानदंड स्त्रोतों के सापेक्ष मापा गया:

- वन (संरक्षण अधिनियम), 1980 एवं वन (संरक्षण) नियम, 2003
- राष्ट्रीय कार्य योजना संहिता 2004 एवं 2014
- हिमाचल प्रदेश वन नियमावली
- पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन संरक्षण मण्डल), भारत सरकार द्वारा 2004 एवं 2019 में जारी दिशानिर्देशों की पुस्तिका
- हिमाचल प्रदेश वन विभाग की वेबसाइट, एमआईएस व विभाग द्वारा बनाए गए अन्य इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस पर उपलब्ध जानकारी
- प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 एवं उसके अधीन नियम
- राज्य प्राधिकरण के गठन एवं राज्य निधि के सृजन हेतु राज्य सरकार की अधिसूचना
- इकाई के प्रशासन व कार्यों पर दस्तावेज़, नीति फ़ाइलें, वार्षिक रिपोर्ट, आंतरिक बैठकों के कार्यवृत्त

1.8 लेखापरीक्षा का कार्य-क्षेत्र एवं कार्यप्रणाली

सामान्यतः वन मंजूरी में समय लगता है तथा संबद्ध प्रतिपूरक वनीकरण में आमतौर पर विलम्ब होता है अतः इसकी दक्षता का आकलन करने से पूर्व वृक्षारोपण परिपक्व होने के लिए पर्याप्त समय (प्रतिपूरक वनीकरण योजना में वृक्षारोपण रखरखाव हेतु दस वर्ष का प्रावधान रखा गया है) दिया जाना चाहिए। प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियों व जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की दक्षता की जांच हेतु निष्पादन लेखापरीक्षा के अंतर्गत वर्ष 2006-07 से 2020-21 की अवधि सम्मिलित की गई थी। वर्ष 2021-22 हेतु वित्तीय एवं अन्य डेटा जहां भी उपलब्ध हुआ, अपडेट किया गया है। संवीक्षा हेतु निष्पादन लेखापरीक्षा में शामिल अन्य सभी मुद्दों की अवधि वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक थी। इंटरएक्टिव डाटा एक्स्ट्रेक्शन एंड एनालिसिस (आइडिया) सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए प्रतिस्थापन विधि के बिना स्तरीकृत सरल यादृच्छिक नमूनाकरण का उपयोग करके नौ[14] (37 में से) मण्डलों का चयन किया गया, जैसाकि **परिशिष्ट 1.1** में बताया गया है। वर्ष 2006-07 से 2020-21 हेतु इन नौ मण्डलों से संबंधित 441[15] मामलों की 100 प्रतिशत लेखापरीक्षा की गई। आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान एवं

[14] भरमौर, चंबा, चौपाल, धर्मशाला, किन्नौर, कुल्लू, कुनिहार, नाचन व सेराज

[15] परिशिष्ट 3.1 में 58 मामले व परिशिष्ट 4.1 में 383 मामले।

अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र[16] की सेवाओं का उपयोग करते हुए इन 441 में से 22 मामलों[17] को अक्टूबर व दिसंबर 2022 के मध्य किए गए भू-स्थानिक अध्ययन के लिए लिया गया।

9 नवंबर 2021 को अतिरिक्त सचिव (वन) एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) के साथ एक आरंभिक बैठक की गई जिसमें निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षा उद्देश्यों, मानदंड, कार्यपद्धति, कार्य-क्षेत्र एवं नमूने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त 9 जनवरी 2023 को मसौदा (ड्राफ्ट) निष्पादन लेखापरीक्षा के लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर चर्चा हेतु राज्य सरकार के साथ एक अंतिम बैठक आयोजित की गई।

निष्पादन लेखापरीक्षा में प्रतिपूरक वनीकरण मुद्दों पर कार्य करने वाले राज्य के वन विभाग के कार्यालयों को शामिल किया गया, जिसमें अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन संरक्षण अधिनियम), अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण), राज्य प्राधिकरण व चयनित मण्डलों को विशेष रूप से केन्द्रित किया गया।

मानचित्र 1.2: निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु चयनित मण्डलों का वितरण



स्रोत: भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021

16 राज्य में योजना एवं विकासात्मक गतिविधियों हेतु स्थानिक और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सुविधा प्रदान के लिए हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी व पर्यावरण परिषद (हिमकोस्टे), हिमाचल प्रदेश सरकार के तत्वावधान में कार्यरत नोडल एजेंसी।

17 उपलब्ध बहुभुजों के निर्णयात्मक नमूने व जोखिम विश्लेषण के आधार पर भू-स्थानिक अध्ययन हेतु 22 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का चयन किया गया था (छायादार हिस्से में गिरने वाले बहुभुजों के कारण उपग्रह से अस्पष्ट छवियों, क्षेत्र पर बादल छाए रहने आदि जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए)

1.9 लेखापरीक्षा को अभिलेख/जानकारी प्रस्तुत न करना

प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के कार्यालयों (राज्य प्राधिकरण, नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम एवं निगरानी व मूल्यांकन स्कंध) एवं चयनित मण्डलों की लेखापरीक्षा की गई जिसमें लेखापरीक्षा अवधि के दौरान वन संरक्षण अधिनियम मामले व उन पर प्रक्रिया करने की समयसीमा, निर्धारित और किया गया प्रतिपूरक वनीकरण, प्रतिपूरक वनीकरण में रोपित वृक्षों की उत्तरजीविता व व्यय सम्बन्धी जानकारी के विवरण मांगे गए।

वन संरक्षण अधिनियम के तहत मिले अनुमोदनों एवं किए गए प्रतिपूरक वनीकरण के संदर्भ में यद्यपि नोडल अधिकारी, वन संरक्षण अधिनियम द्वारा अपवर्तित भूमि एवं निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथापि प्राप्त किए गए प्रतिपूरक वनीकरण, प्रतिपूरक वनीकरण पर वसूली गई व व्ययित मामले-वार निधियां एवं प्रतिपूरक वनीकरण के अंतर्गत रोपित वर्तमान जीवित वृक्षों का प्रतिशत लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया तथा बताया गया कि नोडल अधिकारी, वन संरक्षण अधिनियम द्वारा इस प्रकार के कोई अभिलेख/ जानकारी अनुरक्षित नहीं की गई है। मुख्य अधिशाषी अधिकारी, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण एवं नमूना-जांचित सात मण्डलों ने उपर्युक्त जानकारी उपलब्ध नहीं कराई और केवल नमूना-जांचित दो मण्डलों (वन मंडलाधिकारी, कुल्लू व वन मंडलाधिकारी, सेराज) ने प्रतिपूरक वनीकरण सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध करवाई। नोडल अधिकारी, वन संरक्षण अधिनियम एवं नमूना-जांचित मण्डलों से वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान अनुमोदित मामलों हेतु वन संरक्षण अधिनियम मामलों पर प्रक्रिया करने की समयसीमा के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गई थी। नोडल अधिकारियों द्वारा अधूरी जानकारी प्रदान कराई गई, जो ई-परिवेश[18] डाटा पर आधारित थी एवं इसके अतिरिक्त लेखापरीक्षा को आपूरित दो सूचियों में भिन्नता[19] पाई गई। वन मण्डल वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अनुसार निर्धारित समयसीमा के संदर्भ में वन संरक्षण अधिनियम मामलों पर प्रक्रिया करने में लगे समय के सम्बन्ध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करा सकें। नमूना-जांचित एक मण्डल (वन मंडलाधिकारी, कुनिहार) लेखापरीक्षा अवधि के दौरान मण्डल में वन संरक्षण अधिनियम मामलों की सूची तक उपलब्ध नहीं करा सका।

---

18 परिवेश एक वेब आधारित, भूमिका आधारित वर्कफ़्लो एप्लिकेशन है जिसे केंद्रीय, राज्य व जिला स्तर के अधिकारियों से पर्यावरण, वन, वन्यजीव व सीआरजेड मंजूरी प्राप्त करने के लिए समर्थकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की ऑनलाइन प्रस्तुति व निगरानी हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है। यह प्रस्तावों की संपूर्ण ट्रैकिंग को स्वचालित करता है जिसमें नए प्रस्ताव को ऑनलाइन प्रस्तुत करना, प्रस्तावों के विवरण को संपादित/अद्यतन करना व वर्कफ़्लो के प्रत्येक चरण में प्रस्तावों की स्थिति प्रदर्शित करना शामिल है।

19 पहली सूची में वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान स्वीकृत मामलों की मांग की गई थी व दूसरी सूची में उन मामलों पर प्रक्रिया करने की समयसीमा की मांग की गई थी। पहली सूची में 456 वन संरक्षण अधिनियम मामले थे व दूसरी सूची में केवल 223 मामले थे।

इसके अतिरिक्त संचालन समिति एवं कार्यकारी समिति की बैठकों के कार्यवृत्त व कार्य-सूची से संबंधित फाइलें लेखापरीक्षा में प्रस्तुत नहीं की गईं।

इस प्रकार अभिलेख/जानकारी प्रस्तुत न करने के कारण लेखापरीक्षा में उपरोक्त मुद्दों पर टिप्पणी नहीं की जा सकी।

1.10 आभार

अभिलेख प्रस्तुत न करने के उपरोक्त मामलों के बावजूद हम निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभारी हैं।

अध्याय II

हिमाचल प्रदेश प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राज्य प्राधिकरण)

अध्याय II
हिमाचल प्रदेश प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राज्य प्राधिकरण[1])

2.1 परिचय

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 3 अप्रैल 2000 के उसके आदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पर्यावरण और वन मंत्रालय पर तय करते हुए कहा कि मंत्रालय वन मंजूरी देते समय निर्धारित शर्तों की निगरानी करेगा।

9 मई 2002 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशक्त समिति के गठन का आदेश दिया, जिसके सुस्पष्ट कार्यों में कोर्ट के आदेशों के कार्यान्वयन की निगरानी, अनुपालना न होने के मामले जिनमें अतिक्रमण, कार्य-योजनाओं का कार्यान्वयन, प्रतिपूरक वनीकरण, वृक्षारोपण व अन्य संरक्षण मुद्दों से सम्बंधित मुद्दे शामिल थे, को देखना था। नवंबर 2001 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने देखा कि प्रतिपूरक वनीकरण हेतु जमा निधियों का समुचित उपयोग नहीं किया गया एवं यह भी पाया गया राज्य सरकारों ने प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण की बड़ी राशि की वसूली नहीं की। केंद्रीय सशक्त समिति ने इस मुद्दे की जांच की जिसमें पाया गया कि कुछ राज्यों में निधियां प्रयोक्ता एजेंसी ने 'वन निक्षेप' के रूप में जमा की, जिससे वह संबंधित मण्डलों को वनीकरण हेतु आसानी से उपलब्ध हो गई। कुछ अन्य राज्यों में निधियां राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों के रूप में जमा की जाती थी, जिन्हें केवल बजटीय प्रावधानों के माध्यम से वन विभाग को उपलब्ध कराया जा सकता था। इसलिए यह सिफारिश की गई कि जब तक बजटीय प्रावधानों के माध्यम से निधियां जारी करने की प्रणाली बदली नहीं जाती, तब तक प्रतिपूरक वनीकरण की गति व गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की जा सकती। अतएव प्रतिपूरक वनीकरण हेतु पृथक कोष का सृजन वांछनीय था, जिसमें प्रयोक्ता एजेंसियों से प्राप्त सभी धनराशि जमा की जाए एवं बाद में यथा-आवश्यक सीधे कार्यान्वयन एजेंसियों को जारी की जाए। किसी राज्य विशेष से प्राप्त निधियों का उपयोग उसी राज्य में किया जाएगा। यह प्रणाली योजनाबद्ध तरीके से सतत आधार पर प्रतिपूरक वनीकरण करने में सहयोग देगी।

केंद्रीय सशक्त समिति की सिफारिशों के आधार पर अक्टूबर 2002 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक 'प्रतिपूरक वनीकरण कोष' सृजित करने का निर्देश दिया जिसमें प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण, अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण, दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण, वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य, जलागम क्षेत्र शोधन योजना निधि इत्यादि हेतु प्राप्त

[1] जुलाई 2009 की अधिसूचना के अनुसार पूर्व में इसे राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण कहा जाता था और वर्तमान में फरवरी 2019 की अधिसूचना के अनुसार इसका नाम राज्य प्राधिकरण रखा गया है।

समस्त धनराशि जमा की जानी थी। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी देखा कि प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण करने के लिए वसूली योग्य निधियां, साथ ही राज्यों के पास रखी अप्रयुक्त निधियों को ऐसे कोष में स्थानांतरित करने पर भी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मध्य सहमति थी। यह निधि संघ, राज्यों के सामान्य राजस्व या भारत की समेकित निधि का भाग नहीं होगी। इसमें प्रतिपूरक वनीकरण कोष के प्रबंधन हेतु एक निकाय का प्रस्ताव भी दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि प्रयोक्ता एजेंसी वनेत्तर उद्देश्यार्थ अपवर्तित की जाने वाली वन भूमि के शुद्ध मूल्य का भी भुगतान करेगी। इस निधि का उपयोग सहायता प्राप्त प्राकृतिक पुनर्जनन, वनों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास, वन्यजीव संरक्षण व अन्य संबद्ध गतिविधियों हेतु किया जाना था। इसके अतिरिक्त निधियों के प्रभावी व उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिपूरक वनीकरण कोष के माध्यम से समवर्ती निगरानी व मूल्यांकन की एक स्वतंत्र प्रणाली विकसित एवं कार्यान्वित की जानी थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने एक पृथक कोष व कोष के प्रबंधन हेतु एक निकाय बनाने का आदेश दिया, अतः अगस्त 2009 में राज्य वन विभाग की समग्र देखरेख में इस निधि के प्रबंधन के लिए एक अलग ढांचे का सृजन किया गया। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वनों के अपवर्तन के समस्त प्रस्ताव पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं।

तालिका 2.1: तदर्थ प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण/ राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण/राष्ट्रीय प्राधिकरण/राज्य प्राधिकरण से सम्बंधित वृत्तांतों का तथ्य पत्रक (फैक्ट शीट)

दिनांक	वृत्तांत
29 अक्तूबर 2002	भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि एक 'प्रतिपूरक वनीकरण कोष' का सृजन किया जाए, जिसमें प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण, अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण, दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण, अपवर्तित वन भूमि के निवल वर्तमान मूल्य, जलागम क्षेत्र शोधन योजना कोष इत्यादि से प्राप्त समस्त धनराशि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत जमा की जाए।
23 अप्रैल 2004	पर्यावरण और वन मंत्रालय ने प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण को अधिसूचित किया।
5 मई 2006	भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने तदर्थ-प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण[2] का गठन किया।
13 मार्च 2007	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (संशोधन) अधिसूचना में परिकल्पना की गई कि प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण में कॉर्पोरेट लेखा आधारित दोहरी प्रविष्टि प्रणाली हो एवं उसके लेखाओं की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं

[2] प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण' की ओर से वसूली गई समस्त धनराशि, जो राज्य सरकार के विभिन्न अधिकारियों के पास रखी थी, के कोष के रूप में कार्य करने एवं प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण के आरम्भ होने तक इसके उपयोग की प्रभावी जांच व संतुलन स्थापित करने के लिए एक तदर्थ निकाय का गठन किया गया।

दिनांक	वृत्तांत
	महालेखापरीक्षक द्वारा की जाए।
10 जुलाई 2009	भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण के दिशानिर्देशों को अनुमोदित किया।
15 जुलाई 2009	सभी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण दिशानिर्देश परिचालित किए गए।
3 अगस्त 2009	हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण का गठन किया।
3 अगस्त 2016	प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 अधिसूचित किया गया जिसके माध्यम से राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष (राष्ट्रीय कोष) व एक राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राष्ट्रीय प्राधिकरण) का गठन किया गया।
10 अगस्त 2018	केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के परामर्श से प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 के अंतर्गत प्रतिपूरक वनीकरण कोष नियम, 2018 बनाए।
2 फरवरी 2019	प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 की अनुपालना में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राज्य प्राधिकरण) गठित किया गया। राज्य लोक लेखा के सब्याज प्रभाग के तहत राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष (राज्य कोष) की भी स्थापना की गई। इस राज्य कोष का प्रबंधन राज्य प्राधिकरण करता है।

स्रोत: वन संरक्षण अधिनियम 2016 के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण के गठन का कालक्रम

जलागम क्षेत्र शोधन योजना बजोली होली के संदर्भ में मण्डल निर्धारित समयावधि के भीतर वनीकरण के विभिन्न घटकों के अंतर्गत निहित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में वृक्षारोपण करने में उल्लेखनीय लागत-वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त स्थल निरीक्षण किए बिना वृक्षारोपण स्थलों को परिवर्तित कर दिया गया। मण्डल ने जलागम क्षेत्र शोधन योजनांतर्गत निर्धारित अध्ययन नहीं किए। इको-पर्यटन पर जलागम क्षेत्र शोधन योजना के तहत प्रस्तावित क्षेत्र के बाहर, बिना कोई अध्ययन किए अत्यधिक व्यय किया गया। मण्डल ने जलागम क्षेत्र शोधन योजना के तहत निर्धारित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के कार्य जैसे बाउंड्री पिल्लर्स की मरम्मत, अग्निशमन लाइनों का निर्माण, ऊर्जा बचत उपकरणों का वितरण एवं गाद पर्यवेक्षण चौकियों का निर्माण प्रारंभ तक नहीं किया। इसके अतिरिक्त जलागम क्षेत्र शोधन योजना कार्यान्वयन की कोई निगरानी व मूल्यांकन नहीं किया गया।

5.6 सिफारिशें

विभाग विचार करें:

- *नियमित निगरानी हेतु प्रयोक्ता एजेंसी से देय निधि, वास्तव में जमा की गई निधि एवं किए गए व्यय के संदर्भ में राज्य की जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं हेतु केंद्रीकृत डेटाबेस का बनाना।*
- *अंतिम अनुमोदनोपरांत जलविद्युत परियोजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय ताकि परियोजना की लागत व क्षमता में परिवर्तन का पता लगाया जा सके एवं जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं का समयबद्ध निरूपण/संशोधन सुनिश्चित किया जा सके।*
- *यह सुनिश्चित करने के लिए जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं की नियमित निगरानी व मूल्यांकन करें कि जलागम क्षेत्र शोधन योजनाओं के निर्धारित प्रावधानों का कठोरता से एवं निर्धारित समयावधि के भीतर पालन किया जा रहा है।*

अध्याय VI

प्रतिपूरक वनीकरण पर भू-स्थानिक अध्ययन

अध्याय VI
प्रतिपूरक वनीकरण पर भू-स्थानिक अध्ययन

6.1 परिचय

लेखापरीक्षा निष्कर्षों को सुदृढ़ बनाने एवं अनुमोदन से भिन्न प्रतिपूरक वनीकरण मामलों की पहचान करने के उद्देश्य से आरक्षित वनों[1]/सीमांकित संरक्षित वनों[2] में प्रतिपूरक वनीकरण एवं भूमि उपयोग-भूमि आवरण (एलयूएलसी) पर भू-स्थानिक अध्ययन किया गया। यह अध्ययन आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र[3], जो राज्य में योजना एवं विकासात्मक गतिविधियों में स्थानिक एवं भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग की सुविधा उपलब्ध करने हेतु नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है, की सेवाओं का उपयोग करके किया गया था। यह अध्ययन अक्टूबर से दिसंबर 2022 के मध्य किया गया।

6.2 प्रतिपूरक वनीकरण पर भू-स्थानिक अध्ययन

प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों (साइटों) के वर्तमान एवं विगत परिदृश्य का पता लगाने के लिए तीन अलग-अलग प्रकार के डाटाबेस का उपयोग करके प्रतिपूरक वनीकरण पर अध्ययन किया गया।

1. भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा किया गया वन वर्गीकरण- (विगत परिदृश्य को जानने के लिए) भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार वन वर्गीकरण को मोटे तौर पर पांच वर्गों में वर्गीकृत किया गया है, जैसाकि **तालिका 6.1** में विवर्णित है।

तालिका 6.1: वर्गीकरण योजना

अति सघन वन	70 प्रतिशत व उससे अधिक के छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव (सदाबहार) आवरण सहित) वाली सभी भूमि।	
मध्यम सघन वन	40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत के बीच के छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव आवरण सहित) वाली सभी भूमि।	
खुले वन/खुले अवक्रमित वन	10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच के छत्र घनत्व वाले वृक्ष आवरण (मैंग्रोव आवरण सहित) वाली सभी भूमि।	
झाड़ी	10 प्रतिशत से कम छत्र घनत्व वाले वृक्षों की कम वृद्धि वाली सभी भूमि, जिनमें मुख्य रूप से छोटे या कम कद वाले वृक्ष हैं।	
वनेत्तर भूमि	कोई भी वह क्षेत्र जो उपरोक्त वर्गों में शामिल नहीं है	

स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार वर्गीकरण योजना

---

1 आरक्षित वन भारत वन अधिनियम 1927 या राज्य वन अधिनियमों के प्रावधानों के तहत अधिसूचित और पूर्ण सुरक्षा प्राप्त क्षेत्र है। आरक्षित वन में अनुमति के बिना सभी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

2 सीमांकित संरक्षित वन भारत वन अधिनियम 1927 या राज्य वन अधिनियमों के प्रावधानों के तहत वो अधिसूचित क्षेत्र है, जिसमें सीमित सुरक्षा होती है। संरक्षित वनों में व्यक्तियों या समुदायों के किसी भी मौजूदा अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ता है।

3 हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद, हिमाचल प्रदेश सरकार के तत्वावधान में कार्य करता है।

2. भूमि उपयोग-भूमि आवरण वर्गीकरण - (वर्तमान परिदृश्य को जानने के लिए)

भूमि उपयोग विभिन्न मानवीय प्रयोजनों या आर्थिक गतिविधियों के लिए भूमि के कार्यात्मक आयाम पर आधारित है, जबकि भूमि आवरण जमीन की सतह के आवरण, चाहे वह वनस्पति, शहरी बुनियादी ढांचा, पानी हो या केवल मिट्टी या अन्य हो, को संदर्भित करता है; यह भूमि के उपयोग का वर्णन नहीं करता, और एक ही आवरण प्रकार वाली भूमि के लिए भूमि का भिन्न उपयोग हो सकता है। उपग्रह (सैटेलाइट) डाटा से वेक्टर परतों[4] का निष्कर्षण इस प्रकार है: निर्मित भूमि; कृषि; हरित आवरण; घास/चारागाह; बंजर अनुपयोगी/निर्जन/खुली; आर्द्रभूमि/जल निकाय।

3. रुचिकर क्षेत्र (ध्यानाकर्षक क्षेत्र) के अवलोकनार्थ सैटेलाइट डाटा - (वर्तमान परिदृश्य जानने के लिए)

आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों (अतिक्रमण की सीमा सत्यापित करने के लिए) में प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों एवं भूमि उपयोग-भूमि आवरण के भू-स्थानिक अध्ययन हेतु एआरसीजीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके भूमि उपयोग-भूमि आवरण एवं अतिक्रमण की स्थिति की व्याख्या के लिए सैटेलाइट जीईओ आई (2008 में लॉन्च किया गया व 0.50 मीटर का बहुत उच्च रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है) डाटा का प्रयोग किया गया।

6.2.1 कार्य-क्षेत्र एवं कार्यपद्धति

भू-स्थानिक का विश्लेषण करने के प्रयोजनार्थ एक विशेषज्ञ सलाहकार (आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र) की सेवाओं का उपयोग करते हुए अक्टूबर व दिसंबर, 2022 के मध्य विश्लेषण किया गया। यह विश्लेषण हिमाचल प्रदेश वन विभाग के भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) अनुभाग, विभाग के क्षेत्रीय मण्डलों एवं ई-ग्रीन वॉच[5] पोर्टल से प्राप्त द्वितीयक डाटा[6] के आधार पर किया गया। निर्णयात्मक नमूने, आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान व अंतरिक्ष

---

4 वेक्टर परतें/वेक्टरीकरण - उपग्रह छवि का वेक्टर डाटा (बिंदु, रेखाएं व बहुभुज) में रूपांतरण - जीईओ आई (GEO EYE) उपग्रह छवि से प्राप्त किया गया।

5 भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन व योजना प्राधिकरण के पर्यवेक्षण में, वृक्षारोपण व अन्य वानिकी कार्यों से संबंधित प्रक्रियाओं के स्वचालन, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी प्रबंधन हेतु एक ई-गवर्नेंस पोर्टल स्थापित किया गया।

6 वर्ष 2009 व 2019 हेतु भारतीय वन सर्वेक्षण डाटा हिमाचल प्रदेश वन विभाग के जीआईएस अनुभाग से प्राप्त किया गया एवं प्रतिपूरक वनीकरण बहुभुज को क्षेत्रीय मण्डलों व पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के ई-ग्रीन वॉच पोर्टल से प्राप्त किया गया था। सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों में भूमि उपयोग-भूमि आवरण पर भू-स्थानिक अध्ययन करने के उद्देश्य से कंपार्टमेंट (वन कंपार्टमेंट प्रबंधन की सबसे छोटी इकाई है। कंपार्टमेंट का एक समूह एक ब्लॉक बनाता है और कई ब्लॉक एक वन रेंज बनाते हैं) स्तर का डाटा वन विभाग के जीआईएस अनुभाग से प्राप्त किया गया था।

अनुप्रयोग केंद्र द्वारा किए गए जोखिम विश्लेषण[7] एवं ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध डाटा के आधार पर भू-स्थानिक अध्ययन हेतु 22 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का चयन किया गया। इनमें से 13 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों[8] की शेप फाइलें ई ग्रीन वॉच पोर्टल से डाउनलोड की गईं व नौ स्थलों की फाइलें मण्डलों द्वारा उपलब्ध कराई गईं (जिन्हें आगे ई-ग्रीन वॉच से भी सत्यापित किया गया)।

वर्ष 2020 के वर्तमान परिदृश्य में भूमि उपयोग-भूमि आवरण की व्याख्या[9] हेतु वन विभाग द्वारा प्रदान की गई शेप फाइलों (बहुभुज) को भारतीय वन सर्वेक्षण डाटा (विभिन्न श्रेणियों यानी अति सघन वन, मध्यम सघन वन, खुले वन, झाड़ियों के तहत प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की सटीकता के विश्लेषण हेतु) एवं सैटेलाइट डाटा पर अध्यारोपित (सुपरइम्पोज़) किया गया।

चार्ट 6.1: अध्ययन की पद्धति



स्रोत: आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र

---

7 छायादार हिस्से में पड़ने वाले बहुभुजों के कारण उपग्रह से अस्पष्ट छवियां, क्षेत्र पर बादल छाए रहना आदि जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए।

8 शेप फ़ाइल (SHZ/KMZ/KML फ़ॉर्मेट में) स्थलों के भौगोलिक स्थान की स्थिति व विशेषता जानकारी संग्रहीत करने के लिए एक सरल, गैर-टोपोलॉजिकल प्रारूप है। शेप फ़ाइल में भौगोलिक विशेषताओं को बिंदुओं, रेखाओं या बहुभुजों (क्षेत्रों) द्वारा दर्शाया जा सकता है।

9 छवि व्याख्या - छवियों की जांच करने एवं उनके स्थान व सीमा पर विचार करके उनके महत्व को पहचानने एवं आंकने की प्रक्रिया।

6.2.2 भू-स्थानिक अध्ययन के लेखापरीक्षा निष्कर्ष

6.2.2.1 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के सापेक्ष ई-ग्रीन वॉच पर बहुभुजों को अपलोड करने की प्रास्थिति

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्यों को कार्यों की कुशल निगरानी हेतु वृक्षारोपण के सभी डाटा को ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए[10] (जनवरी 2021)। वर्ष 2010-11 से 2020-21 की अवधि के दौरान किए गए प्रतिपूरक वनीकरण की स्थिति एवं नमूना-जांचित नौ मण्डलों के जिन प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों हेतु बहुभुज अपलोड किए गए थे, उनकी स्थिति **तालिका 6.2** दी गई है।

तालिका 6.2: प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों एवं बहुभुजों की प्रास्थिति

(क्षेत्र हेक्टेयर में)

क्र. सं.	मण्डल का नाम	स्थलों की संख्या	क्षेत्र	प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की संख्या जहां बहुभुज अपलोड किए गए	क्षेत्र
1	कुनिहार	77	798	29 (38)	300 (38)
2	भरमौर	54	570	49 (91)	508 (89)
3	चंबा	49	566	30 (61)	352 (62)
4	धर्मशाला	8	157	7 (88)	156 (99)
5	कुल्लू	36	569	9 (25)	30 (5)
6	सराज	29	284	12 (41)	87 (31)
7	किन्नौर	174	705	0	0
8	चौपाल	39	359	2 (5)	20 (6)
9	नाचन	8	246	1 (13)	15 (6)
योग		**474**	**4,254**	**139 (29)**	**1,468 (35)**

स्रोत: ई-ग्रीन वॉच व मण्डलीय अभिलेख; कोष्ठक के आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका 6.2 से स्पष्ट है कि वर्ष 2010-11 से 2020-21 की अवधि के दौरान 4,254 हेक्टेयर क्षेत्र में 474 स्थलों पर प्रतिपूरक वनीकरण किया गया, जिसके सापेक्ष 1,468 (35 प्रतिशत) क्षेत्रफल वाले केवल 139 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों (29 प्रतिशत) के बहुभुज ई-ग्रीन वॉच पोर्टल में अपलोड किए गए। किन्नौर मण्डल ने कोई बहुभुज अपलोड नहीं किए एवं चौपाल मण्डल द्वारा अपलोड किए गए दो[11] बहुभुज गलत पाए गए।

इस प्रकार विभाग बड़ी मात्रा में प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के बहुभुज (71 प्रतिशत) ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिपूरक वनीकरण कार्य की प्रभावी निगरानी में कमी आई।

---

10 अधिसूचना संख्या एफसी-11/79/2020 - एफसी दिनांक 11 जनवरी 2021 के माध्यम से।

11 एक बहुभुज उत्तर प्रदेश में स्थित था व एक बहुभुज का क्षेत्रफल 0.1 हेक्टेयर था जिसके प्रति किया गया प्रतिपूरक वनीकरण 10 हेक्टेयर था।

31 मार्च 2013 (हिमाचल प्रदेश सरकार) को समाप्त वर्ष के लिए सामाजिक, सामान्य एवं आर्थिक क्षेत्रों पर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन पर चर्चा हेतु अगस्त 2019 में आयोजित लोक लेखा समिति की कार्यवाही के दौरान विभाग ने बताया कि समवर्ती निगरानी व मूल्यांकन हेतु ई-ग्रीन वॉच पर डाटा अपलोड किया जा रहा है। हालांकि यह देखा गया कि विभाग 71 प्रतिशत बहुभुज ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड करने में विफल रहा।

वन मंडलाधिकारी, कुल्लू व नाचन ने बताया कि बचे हुए/शेष बहुभुज शीघ्र ही ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

आगामी उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.2.2.2 खुले अवक्रमित वन के बाहर अनियमित/व्यर्थ प्रतिपूरक वनीकरण करना

वन संरक्षण अधिनियम के दिशानिर्देशों की पुस्तिका के परिच्छेद 2.3 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रतिपूरक वनीकरण के प्रयोजनार्थ चयनित किसी भी अवक्रमित वन भूमि को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तभी स्वीकार किया जा सकता है, जब क्षेत्र का छत्र घनत्व 40 प्रतिशत (खुले अवक्रमित वन) से कम हो। इसके अतिरिक्त पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कार्य की कुशल निगरानी हेतु राज्यों को वृक्षारोपण का सम्पूर्ण डाटा ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

सात मण्डलों में 22 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों/बहुभुजों पर भू-स्थानिक अध्ययन एवं दृश्य व्याख्या के परिणाम अनुवर्ती परिच्छेदों के अनुसार हैं।

तालिका 6.3 वनों के विभिन्न वर्गों में प्रतिपूरक वनीकरण

(क्षेत्र हेक्टेयर में)

मण्डल का नाम	स्थलों की संख्या	कुल क्षेत्र	अति सघन वन के अंतर्गत क्षेत्र	मध्यम सघन वन के अंतर्गत क्षेत्र	वनेत्तर भूमि के अंतर्गत क्षेत्र	खुले अवक्रमित वन के अंतर्गत क्षेत्र
भरमौर	4	42.89	2.84	1.36	24.69	14.00
चंबा	4	63.03	20.98	6.23	35.38	0.44
कुल्लू	3	18.32	0	6.88	9.16	2.28
कुनिहार	4	70.29	10.29	40.92	9.5	9.58
सेराज	4	25.42	9.46	5.01	6.13	4.82
धर्मशाला	2	53.24	17.11	15.35	19.64	1.14
नाचन	1	16.56	0.09	0.58	0.13	15.76
योग	**22**	**289.75**	**60.77**	**76.33**	**104.63**	**48.02**
प्रतिशत		**100**	**21**	**26**	**36**	**17**

स्रोत: प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का भू-स्थानिक विश्लेषण

22[12] प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों (290 हेक्टेयर) के विश्लेषण से उजागर हुआ कि खुले अवक्रमित वन के केवल 48 हेक्टेयर (17 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया एवं शेष 242 हेक्टेयर (83 प्रतिशत) में वृक्षारोपण अति सघन वन (21 प्रतिशत), मध्यम सघन वन (26 प्रतिशत) एवं वनेत्तर भूमि (36 प्रतिशत) में किया गया, जैसाकि **परिशिष्ट 6.1** में विवर्णित है। 124 हेक्टेयर क्षेत्र (43 प्रतिशत) वाले नौ प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों[13] (41 प्रतिशत) में 100 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण खुले अवक्रमित वन (एक मामला नीचे **छवि 1** में दर्शाया गया है) के बाहर किया गया। इन क्षेत्रों में प्रतिपूरक वनीकरण विकसित करने एवं वृक्षारोपण के रखरखाव हेतु विभाग ने ₹ 2.64 करोड़[14] का व्यय किया। उपरोक्त में से ₹ 1.22 करोड़ (46 प्रतिशत) अति सघन वन/मध्यम सघन वन में प्रतिपूरक वनीकरण करने पर खर्च किए गए व ₹ 0.95 करोड़ (36 प्रतिशत) वनेत्तर भूमि में प्रतिपूरक वनीकरण करने पर खर्च किए गए। इस प्रकार ₹ 2.16 करोड़ (82 प्रतिशत) लागत की निधियां खुले अवक्रमित वन के बाहर किए गए वृक्षारोपण पर खर्च की गई। 242 हेक्टेयर क्षेत्र में खुले अवक्रमित वन भूमि के बाहर प्रतिपूरक वनीकरण का निष्पादन वन संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विरुद्ध था। यह अति सघन वन/मध्यम सघन वन (जहां वन घनत्व पहले से ही 40 प्रतिशत से अधिक है) में प्रतिपूरक वनीकरण करने में ₹ 1.22 करोड़ के अनियमित/व्यर्थ व्यय के रूप में परिणत हुआ, साथ ही यह इन क्षेत्रों में प्रतिपूरक वनीकरण किए जाने पर भी संदेह उत्पन्न करता है (क्योंकि वहां सघन वन पहले से ही मौजूद थे)।

---

12 कुल 22 साइटों में से चार प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों (कुल्लू मण्डल - तीन; बंजार मण्डल - एक) में वृक्षारोपण 2019 के बाद किया गया था व इन मामलों में भारतीय वन सर्वेक्षण 2019 के आंकड़ों पर बहुभुज लगाए गए थे। शेष 18 मामलों में बहुभुजों को भारतीय वन सर्वेक्षण 2009 के आंकड़ों पर अध्यारोपित किया गया था।

13 छः मण्डलों में चुहार, मंगलुन, जगत, कटवाड, छरुगढ़, बंधल, सीएफएसशाहपुर, बारागढ़ III, चडयार

14 22 स्थलों हेतु व्यय की गणना वृक्षारोपण व रखरखाव के वर्ष के दौरान प्रचलित मानदंडों के अनुसार की गई।

छवि संख्या 1



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण वन आवरण-2009 का आकलन

छवि संख्या 2



छवि संख्या 3



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

मण्डल धर्मशाला, रेंज-शाहपुर, बीट-शाहपुर के प्रतिपूरक वनीकरण स्थल की भारतीय वन सर्वेक्षण, 2009 की **छवि 1** पुष्टि करती है कि 70.52 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण स्थल अति सघन वन/

मध्यम सघन वन के अंतर्गत आते है। उपरोक्त स्थल की सैटेलाइट **छवि 2** वर्ष 2020 में 93.25 प्रतिशत हरित आवरण दर्शाती है।

यह भी देखा गया कि ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर मण्डलों द्वारा अपलोड किए गए सभी 22 प्रतिपूरक वनीकरण स्थल बहुभुजों में प्रतिपूरक वनीकरण स्थल की भूमि का प्रकार अधिसूचित अवक्रमित वन के रूप में बताया गया। यह इस तथ्य को इंगित करता है कि ई-ग्रीन वॉच पर गलत/भ्रामक जानकारी अपलोड की जा रही थी क्योंकि 83 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण खुले अवक्रमित वन के बाहर किया गया था तथा प्रतिपूरक वनीकरण योजना के कार्यान्वयन की प्रामाणिकता को सत्यापित/मान्य करने के लिए विभाग एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्तर पर कोई तंत्र मौजूद नहीं था।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि विभाग के जीआईएस अनुभाग के पास विभिन्न प्रकार के वनावरण के विस्तार के संबंध में वर्ष 2019 तक के भारतीय वन सर्वेक्षण आंकड़े उपलब्ध थे। हालांकि विभाग राज्य के खुले अवक्रमित वन क्षेत्रों में भूमि बैंकों/उपयुक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थल चिह्नित करने हेतु इस आंकड़े का उपयोग करने में विफल रहा, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि 83 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण खुले अवक्रमित वन के बाहर किया गया।

वन मंडलाधिकारी, कुल्लू ने बताया कि स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का पता लगाया जाएगा। अन्य मण्डलों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

अंतिम बैठक के दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को स्वीकार करते हुए बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण ने सैटेलाइट छवियों का अध्ययन करते समय संभवतः घने लैंटाना वाले वन क्षेत्रों को अति सघन वन/मध्यम सघन वन के रूप में मान लिया होगा। यह भी बताया गया कि कई दृष्टान्तों में क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई केएमएल फाइलें, वृक्षारोपण के वास्तविक अवस्थल/स्थल से मेल नहीं खातीं। यह उत्तर काल्पनिक प्रकृति का था क्योंकि भारतीय वन सर्वेक्षण सम्पूर्ण देश के लिए द्विवार्षिक भारत वन स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित करता है, जो वन क्षेत्र के नियमित राष्ट्रव्यापी मानचित्रण पर आधारित है एवं रिमोट सेंसिंग का उपयोग करके दीवार से दीवार तक मानचित्रण अभ्यास के बाद व्यापक ग्राउंड ट्रॉथिंग द्वारा प्राप्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त संबंधित मंडलों से केएमएल फाइलें मंगाई गईं जिनकी प्रामाणिकता की पुष्टि हेतु ई-ग्रीन वॉच के साथ प्रति-सत्यापन किया गया।

आगामी उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.2.2.3 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का चयन एवं प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की अवस्थिति में परिवर्तन

प्रतिपूरक वनीकरण प्रतिपूरक वनीकरण स्थल पर किया जाना था, जो बनाई गई, अनुमोदित एवं पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय को प्रस्तुत व्यापक प्रतिपूरक वनीकरण योजना के अनुसार निर्दिष्ट था। भू-स्थानिक विश्लेषण के आधार पर लेखापरीक्षा में पाया गया कि 22 प्रतिपूरक

वनीकरण स्थलों में से 184 हेक्टेयर (63 प्रतिशत) क्षेत्रफल वाले 15 (68 प्रतिशत) स्थलों की अवस्थिति अनुमोदित प्रतिपूरक वनीकरण योजना स्थलों से भिन्न थी।

छवि संख्या 4



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 5



छवि संख्या 6



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2021, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

अनुमोदित प्रतिपूरक वनीकरण योजनानुसार प्रतिपूरक वनीकरण साइट: बारागढ़-II; बारागढ़-III में किया गया प्रतिपूरक वनीकरण (छवि 5)

मण्डल कुल्लू, रेंज-पतलीकूहल, बीट-पंकोट के प्रतिपूरक वनीकरण स्थल की भारतीय वन सर्वेक्षण 2009, **छवि 4** पुष्टि करती है कि प्रतिपूरक वनीकरण स्थल का 100 प्रतिशत हिस्सा अति सघन वन के अंतर्गत आता है। उपरोक्त स्थल की सैटेलाइट **छवि 5** भी वर्ष 2020 में 100 प्रतिशत हरित आवरण दर्शाती है।

यह भी देखा गया कि उपरोक्त 15 स्थलों में 147 हेक्टेयर क्षेत्र (80 प्रतिशत) में किया गया प्रतिपूरक वनीकरण खुले अवक्रमित वन के बाहर किया गया था। इसी मुद्दे पर **परिच्छेद 3.8** में भी टिप्पणी की गई एवं भू-स्थानिक अध्ययनों से इसकी पुष्टि होती है।

इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया कि शेष सात मामलों (32 प्रतिशत) में, जहां विस्तृत प्रतिपूरक वनीकरण योजना के अनुसार 106 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण किया गया, वहां 95 हेक्टेयर क्षेत्र (90 प्रतिशत) में खुले अवक्रमित वन के बाहर प्रतिपूरक वनीकरण किया गया।

छवि संख्या 7



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 8



छवि संख्या 9



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

मंडल चंबा, रेंज-एल/चंबा, बीट-गुड्डा के प्रतिपूरक वनीकरण स्थल की भारतीय वन सर्वेक्षण 2009, **छवि 7** पुष्टि करती है कि 64.21 प्रतिशत प्रतिपूरक वनीकरण स्थल अति सघन वन/मध्यम सघन वन के अंतर्गत आती है। उपरोक्त स्थल की सैटेलाइट **छवि 8** में वर्ष 2020 में 44.54 प्रतिशत हरित आवरण व 52.99 प्रतिशत घास के मैदान दिखाई देते हैं।

यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि विस्तृत प्रतिपूरक वनीकरण योजना का निरूपण मात्र औपचारिकता प्रतीत होता है एवं वैज्ञानिक डाटा के आधार पर प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के चयनार्थ कोई तंत्र मौजूद नहीं है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि पहले तो भले ही प्रतिपूरक वनीकरण स्थल परिवर्तित किए गए या नहीं, प्रतिपूरक वनीकरण खुले अवक्रमित वन के बाहर

किया जा रहा था और दूसरा यह कि अनुमोदन लेते समय जिस प्रतिपूरक वनीकरण स्थल को योजना में शामिल किया गया, योजना के कार्यान्वयन के समय उसका यथार्थ में पालन नहीं किया गया। यह परिलक्षित करता है कि प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के चयन/परिवर्तन (और यह तथ्य कि इसे खुले अवक्रमित वन के बाहर किया जा रहा है) की निगरानी प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)/पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्तर पर नहीं की जा रही थी।

वन मंडलाधिकारी, कुल्लू ने बताया कि स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का पता लगाया जाएगा। अन्य मण्डलों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

आगामी उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.2.2.4 बहुभुजों के क्षेत्र में अंतर

मण्डलों द्वारा उपलब्ध कराए गए/ई-ग्रीन वॉच पोर्टल से डाउनलोड किए गए बहुभुजों के क्षेत्र की तुलना भू-स्थानिक अध्ययन के माध्यम से मापे गए क्षेत्र से की गई। लेखापरीक्षा में पाया गया कि मण्डलीय अभिलेखों के अनुसार चंबा मंडल की दो प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में प्रतिपूरक वनीकरण स्थल का क्षेत्रफल भू-स्थानिक अध्ययन के माध्यम से मापे गए क्षेत्रफल से काफी अधिक था, जैसाकि नीचे विवर्णित है:

तालिका 6.4 मण्डलीय अभिलेखों व भू-स्थानिक अध्ययन के अनुसार बहुभुजों के क्षेत्रों में अंतर

प्रतिपूरक वनीकरण स्थल का नाम	वृक्षारोपण का वर्ष	मण्डलीय अभिलेखों के अनुसार क्षेत्र (वार्षिक संचालन योजना) (हेक्टेयर में)	भू-स्थानिक अध्ययन के अनुसार क्षेत्र (हेक्टेयर में)	क्षेत्र में अंतर (हेक्टेयर में)	मण्डलीय अभिलेख के अनुसार क्षेत्र में वृक्षारोपण पर व्यय (वार्षिक संचालन योजना) (₹ लाख में)	भू-स्थानिक अध्ययन में मापे गए क्षेत्र के अनुसार वृक्षारोपण पर व्यय (₹ लाख में)	व्यय आधिक्य (₹ लाख में)
कलवारा	2013-14	15	11.27	3.73 (25)	13.73	10.32	3.41 (25)
कटवाड	2011-12	42	18.70	23.30 (55)	29.25	13.02	16.23 (55)
योग		**57**	**29.97**		**42.98**	**23.34**	**19.64 (46)**

स्रोत: मण्डलीय अभिलेख व प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का भू-स्थानिक विश्लेषण; कोष्ठक के आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

छवि संख्या 10



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 11



छवि संख्या 12



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

छवियां 11 एवं **12** पुष्टि करती हैं कि कटवाड, चंबा मण्डल, रेंज टिक्करी, बीट टिक्करीगर्श में प्रतिपूरक वनीकरण स्थल का क्षेत्रफल 18.70 हेक्टेयर था, जबकि मण्डलीय अभिलेख में यह 42 हेक्टेयर था।

उपरोक्त से स्पष्ट है, भू-स्थानिक अध्ययन के माध्यम से मापित दो प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का क्षेत्रफल वृक्षारोपित दर्शाए गए क्षेत्र से 25 प्रतिशत व 55 प्रतिशत कम था। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया कि उपरोक्त दोनों प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में प्रतिपूरक वनीकरण करने पर किया गया व्यय मण्डलीय अभिलेख में उल्लिखित क्षेत्र के अनुसार था। यह इन स्थलों पर 25 प्रतिशत व 55 प्रतिशत के व्यय आधिक्य में परिणत हुआ, साथ ही इन प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों पर वास्तव में वनीकरण के कार्यान्वयन पर संदेह उत्पन्न हुआ।

सरकार की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.2.2.5 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में संभावित अतिक्रमण के मामले

भूमि उपयोग-भूमि आवरण वर्गीकरण के प्रयोजनार्थ प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों को 2021 के सैटेलाइट डाटा पर अध्यारोपित (सुपरइंपोज़्ड) किया गया। दृश्य व्याख्या के परिणाम **तालिका 6.5** में दिए गए हैं।

तालिका 6.5 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में अतिक्रमण

(हेक्टेयर में क्षेत्र)

मण्डल का नाम	स्थलों की संख्या	कुल क्षेत्र	निर्माणान्तर्गत क्षेत्र		कृषि के अंतर्गत क्षेत्र	
			स्थलों की संख्या	क्षेत्र	स्थलों की संख्या	क्षेत्र
भरमौर	4	42.89	2	0.06	3	7.28
चंबा	4	63.03	2	0.02	3	1.85
कुल्लू	3	18.32	0	0.00	1	1.29
कुनिहार	4	70.29	1	0.01	2	0.93
सराज	4	25.42	0	0.00	1	1.30
धर्मशाला	2	53.24	1	0.03	1	0.94
नाचन	1	16.56	0	0.00	0	0.00
योग	**22**	**289.75**	**6**	**0.12**	**11**	**13.59**
प्रतिशत		**100**	**0.03**		**5**	

स्रोत: प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का भू-स्थानिक विश्लेषण

छवि संख्या 13



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 14



छवि संख्या 15



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

छवि संख्या 16

गूगल अर्थ इमेज-2021:-उपरोक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थल में अतिक्रमण का नजदीक से दृश्य

मण्डल चंबा, रेंज यू/चंबा, बीट कलवाड़ा में प्रतिपूरक वनीकरण स्थल की सैटेलाइट छवि (**छवि 14**) प्रतिपूरक वनीकरण स्थल के 10.29 प्रतिशत (प्रतिपूरक वनीकरण स्थल के 10.20 प्रतिशत में कृषि व 0.09 प्रतिशत में निर्मित क्षेत्र) में अतिक्रमण दर्शाती है। उपरोक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थल का निकटवर्ती दृश्य (क्लोज़-अप) उक्त तथ्य की पुष्टि करता है, जैसाकि **छवि 16** में दर्शाया गया है।

भू-स्थानिक अध्ययन के दौरान छ: प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में निर्माण-कार्य (निर्मित क्षेत्र) देखा गया व 11 प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में कृषि होना देखा गया, जैसाकि **परिशिष्ट 6.2** में विवर्णित है। यह परिचायक है कि प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों में अतिक्रमण से सुरक्षा हेतु बाड़ (फेंसिंग) का अभाव है, साथ ही यह अतिक्रमण का पता लगाने व रोकने में क्षेत्रीय कर्मियों द्वारा नियमित निरीक्षण करने में विफलता को भी इंगित करता है।

वन मंडलाधिकारी, कुल्लू ने बताया कि क्षेत्रीय निरीक्षण के बाद वास्तविक स्थिति की जानकारी दी जाएगी। अन्य मण्डलों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

आगामी उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.3 सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों में भूमि उपयोग-भूमि आवरण पर भू-स्थानिक अध्ययन

वन विभाग के जीआईएस अनुभाग[15] द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य के नमूना-जांचित आठ[16] मण्डलों में 19,033 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 183 आरक्षित वन फैले हैं व 2,31,745 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 3,067 सीमांकित संरक्षित वन[17] फैले हुए हैं।

आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में भूमि उपयोग-भूमि आवरण पर आर्यभट्ट भू-सूचना विज्ञान व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा पांच मण्डलों में 10[18] आरक्षित वनों(एक)/सीमांकित संरक्षित वनों (नौ) में किए गए भू-स्थानिक अध्ययन की दृश्य व्याख्या के परिणाम नीचे दिए गए हैं:

तालिका 6.6 सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों में अतिक्रमण

(हेक्टेयर में क्षेत्र)

मण्डल का नाम	सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों की संख्या	कुल क्षेत्र	निर्माणान्तर्गत क्षेत्र	कृषि के अंतर्गत क्षेत्र
चौपाल	4	180.43	0.06	8.14
भरमौर	2	125.54	0.02	1.97
नाचन	2	69.21	0	4.85
कुल्लू	1	38.94	0.05	2.19
कुनिहार	1	23.79	0	0.32
योग	**10**	**437.91**	**0.13**	**17.47**
प्रतिशत		**100**	**0.03**	**4**

स्रोत: सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों का भू-स्थानिक विश्लेषण

भू-स्थानिक अध्ययन के दौरान सात[19] आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में निर्माण-कार्य (निर्मित क्षेत्र) देखा गया एवं सभी 10 आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में कृषि होना देखा गया, जैसाकि **परिशिष्ट 6.3** में विवर्णित है। यह परिचायक है कि आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों की अतिक्रमण से सुरक्षा हेतु बाउंड्री पिलर्स का अभाव है, साथ ही यह अतिक्रमण का पता लगाने व रोकने में क्षेत्रीय कर्मियों द्वारा नियमित निरीक्षण करने में विफलता को भी इंगित करता है।

---

15 वन विभाग का जीआईएस अनुभाग 1:15,000 स्केल की सर्वे ऑफ इंडिया टोपोशीट पर वन क्षेत्र की सीमा का भू-संदर्भ व डिजिटलीकरण कर रहा है। अब तक 35 मण्डलों की वन सीमा का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। हालांकि इस डिजिटलीकृत वन क्षेत्र का जमीनी सत्यापन अभी शुरू नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त चूंकि राज्य का डिजिटलीकृत राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है।

16 किन्नौर को छोड़कर।

17 इसमें आरक्षित वन भी शामिल हैं।

18 आरक्षित वन - एक व सीमांकित संरक्षित वन - नौ।

19 भरमौर - दो; चौपाल - चार व कुल्लू - एक

छवि संख्या 17 (आरक्षित वन)



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण, वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 18



छवि संख्या 19



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

छवि संख्या 20

Forest:RF145-MohanHadsar,Compartment:C-2

Division-Bharmour,Range-Bharmour,Beat-Hadsar

Source: Google Earth Image 2022

Description of zoomed Image: Building and Agriculture/Horticulture activities are noticed in the compartment: C-2 Mohanhadsar

मण्डल भरमौर, रेंज भरमौर, बीट हड़सर में आरक्षित वन 145 के खंड सी-2 मोहनहदसर की सैटेलाइट **छवि 18** उपरोक्त खंड के 0.84 प्रतिशत (आरक्षित वन के 0.83 प्रतिशत में कृषि व 0.01 प्रतिशत में निर्मित क्षेत्र) में अतिक्रमण दर्शाती है। खंड का निकटवर्ती दृश्य (क्लोज़-अप) उक्त तथ्य की पुष्टि करता है, जैसाकि **छवि 20** में दर्शाया गया है।

छवि संख्या 21 (सीमांकित संरक्षित वन)



स्रोत: भारतीय वन सर्वेक्षण, वन आवरण का आकलन-2009

छवि संख्या 22



छवि संख्या 23



स्रोत: ईएसआरआई, मैक्सार, जियोआई-2020, अर्थस्टार ज्योग्राफिक्स, सीएनईएस/एयरबस डीएस, यूएसडीए, यूएसजीएस, एयरो ग्रिड, आईजीएन, व जीआईएस उपयोगकर्ता समुदाय

छवि संख्या 24

Forest:DPF15-Siya,Compartment:C-5

Division-Bharmour,Range-Swai,Beat-Chanhouta

Source: Google Earth Image 2022
Description of zoomed Image: Buildings and Agriculture/Horticulture activities are noticed in the compartment: C-5 DPF 15 Siya

मण्डल भरमौर, रेंज स्वाई, बीट चन्हौटा में सीमांकित संरक्षित वन, सिया में खंड सी-5 की सैटेलाइट **छवि 22** उक्त खंड के 5.24 प्रतिशत में अतिक्रमण (आरक्षित वन के 5.19 प्रतिशत में कृषि व 0.05 प्रतिशत में निर्मित क्षेत्र) दर्शाती है। खंड का क्लोज़-अप दृश्य उक्त तथ्य की पुष्टि करता है, जैसाकि **छवि 24** में दर्शाया गया है।

वन मंडलाधिकारी, नाचन ने बताया कि क्षेत्रीय निरीक्षण किया जाएगा तथा तदानुसार कार्रवाई की जाएगी। अन्य मण्डलों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

आगामी उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2024)।

6.4 निष्कर्ष

प्रतिपूरक वनीकरण भूमि एवं वृक्षों को हुई हानि की क्षतिपूर्ति हेतु वन संरक्षण अधिनियम के तहत दी गई सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। भू-स्थानिक तकनीकों का उपयोग करते हुए प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की नमूना-जांच करने पर पाया गया कि विभाग खुले

अवक्रमित वनों में प्रतिपूरक वनीकरण करने में विफल रहा और यहां तक की 47 प्रतिशत कार्य सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों में किया गया, जो सार्वजनिक धन की बर्बादी थी और प्रतिपूरक वनरोपण के उद्देश्य को विफल करने के अलावा वास्तविक प्रतिपूरक वनरोपण पर संदेह पैदा करता था। यह भी देखा गया कि ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के संबंध में गलत/अशुद्ध जानकारी अपलोड की जा रही थी। इसके अतिरिक्त ई-ग्रीन वॉच पोर्टल के अनुसार एवं भू-स्थानिक विश्लेषण के माध्यम से मापी गई प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के क्षेत्रों में अंतर के दृष्टांत देखे गए। संक्षेप में, विभाग में वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण योजना का अक्षरश: कार्यान्वयन करने में आंतरिक नियंत्रण का पूर्ण अभाव था, जो प्रतिपूरक वनीकरण पूर्ण करने के प्रयासों की प्रामाणिकता पर संदेह उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त आरक्षित वनों/सीमांकित संरक्षित वनों में अतिक्रमण की भी आशंका है जिसे विभाग द्वारा जमीनी सत्यापन करके सत्यापित किया जाना आवश्यक है।

6.5 सिफारिशें

विभाग विचार करे:

- *वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानानुसार प्रतिपूरक वनीकरण करना सुनिश्चित करने के लिए खुले अवक्रमित वन के अधीन आने वाली प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों को चिह्नित करने हेतु जीआईएस अनुभाग के पास उपलब्ध डाटा का उपयोग करने पर।*
- *आंतरिक नियंत्रण तंत्र का सदृढ़ीकरण, यह सुनिश्चित करने के लिए कि*
    - *प्रतिपूरक वनीकरण योजना निरुपित करते समय वैज्ञानिक डाटा के आधार पर उपयुक्त प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों का चयन किया जाता है एवं केवल निर्दिष्ट चयनित स्थल पर ही प्रतिपूरक वनीकरण किया जाता है; तथा*
    - *प्रतिपूरक वनीकरण करने के विवरण के संबंध में सही/सटीक जानकारी ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।*
- *मध्यम सघन वन/अति सघन वन क्षेत्रों में संदेहास्पद निष्पादन के मामलों की जांच करने पर एवं जहां आवश्यक हो, जिम्मेदारी तय करने पर।*
- *प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों की चयन प्रक्रिया एवं निष्पादन के दौरान अवस्थिति में बाद के परिवर्तन के कारणों का विश्लेषण करने पर। प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों के अनधिकृत परिवर्तन वाले मामलों में ज़िम्मेदारी तय करने पर।*

- *प्रतिपूरक वनीकरण स्थलों एवं सीमांकित संरक्षित वनों/आरक्षित वनों को अतिक्रमण मुक्त रखना सुनिश्चित करने के लिए नियमित गश्त करने पर एवं भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के अनुसार अतिक्रमण के मामलों की जांच एवं दोषियों पर क़ानूनी कार्रवाई करने पर।*

(चंदा मधुकर पंडित)

शिमला
दिनांक: 27 अगस्त 2024

प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश

प्रतिहस्ताक्षरित

(गिरीश चंद्र मुर्मू)

नई दिल्ली
दिनांक: 6 सितम्बर 2024

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

परिशिष्ट

परिशिष्ट 1.1

(संदर्भ परिच्छेद 1.8)

हिमाचल प्रदेश में वन विभाग के सर्कलों व मंडलों का विवरण

क्र.सं.	सर्कल का नाम	मण्डल का नाम
1.	बिलासपुर (2)	1. बिलासपुर
		2. कुनिहार
2.	चम्बा (5)	1. भरमौर
		2. चम्बा
		3. चुराह
		4. डलहौजी
		5. पांगी
3.	धर्मशाला (3)	1. धर्मशाला
		2. नूरपुर
		3. पालमपुर
4.	हमीरपुर (3)	1. देहरा
		2. हमीरपुर
		3. ऊना
5.	कुल्लू (4)	1. कुल्लू
		2. लाहौल
		3. पार्वती
		4. सेराज
6.	मण्डी (5)	1. जोगिंदरनगर
		2. करसोग
		3. मंडी
		4. नाचन
		5. सुकेत
7.	नाहन (4)	1. नाहन
		2. पांवटा
		3. राजगढ़
		4. रेणुका जी
8.	रामपुर (4)	1. अनी
		2. किन्नौर
		3. कोटगढ़
		4. रामपुर
9.	शिमला (5)	1. चौपाल
		2. रोहडू
		3. शिमला
		4. शिमला (शहरी)
		5. ठियोग
10.	सोलन (2)	1. सोलन
		2. नालागढ़
* हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण पर निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु चयनित मण्डल		

परिशिष्ट 3.1

(संदर्भ परिच्छेद 3.1.3)

चयनित मंडलों में वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान अनुमोदित वन संरक्षण अधिनियम मामलों की सूची

क्र. सं.	मंडल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्रफल	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
1	कुल्लू	ईवीएम & वीवीपैट के भंडारण के लिए गोदाम का निर्माण	अन्य	11-सितम्बर-20	0.028	0	0
2	कुल्लू	33/11किलोवाल्ट 2x1.6 मेगाकिलोवाल्ट लुगवैली उप स्टेशन	ग्रामीण विद्युत	20-नवंबर -17	0.12	0.2	0.2
3	कुल्लू	आपदा प्रबंधन और बचाव और पर्यटन के लिए हेलीपैड	अन्य	31-अगस्त-18	0.2356	0.5	0.5
4	कुल्लू	डीलक्स इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन प्राइवेट लिमिटेड	अन्य	27-जुलाई-20	0.3514	0	0
5	धर्मशाला	बाबा भैरोह बस स्टैंड, जिला कांगरा (हिमाचल प्रदेश)	अन्य	05-मई-17	0.4608	1	1
6	किन्नौर	साल्टी मसरंग जल विद्युत परियोजना 24 मेगावाट	जल विदयुत	10-जनवरी-18	0.6431	1.5	0
7	सेराज	दामोठी में सब्जी मंडी का निर्माण	अन्य	26-फ़रवरी-21	0.68	1.36	0
8	चंबा	4 मेगावाट दरेदी जल विद्युत परियोजना का निर्माण, जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश	जल विदयुत	19-जून-18	0.709	0.75	0
9	कुल्लू	फिंडरी 1.20 मेगावाट	जल विदयुत	10-नवंबर-20	0.734	0	0
10	कुल्लू	सीएनजी की आपूर्ति के लिए डॉटर बूस्टर स्टेशन	अन्य	22-मार्च-17	0.7783	1.56	1.56
11	चंबा	जिला चंबा के पुखरी में 220/132/33किलोवोल्ट गैस इंसुलेटेड स्विचगियर उप स्टेशन माजरा का निर्माण, हिमाचल प्रदेश	ग्रामीण विद्युत	16-जनवरी-20	0.8052	1.6104	0
12	कुल्लू	सब्जी मंडी बंदरोल से कैस गांव तक सम्पर्क सड़क	सड़क	24-फ़रवरी-20	0.84	1.68	0
13	धर्मशाला	नगरोटा बागवां में एचआरटीसी कार्यशाला	अन्य	02-मार्च-17	0.9036	2	2
14	चंबा	जोली छोटी जल विद्युत परियोजना का निर्माण	जल विदयुत	18-दिसंबर-18	1.0284	1.05	0
15	कुल्लू	गांव जठाणी के लिए सम्पर्क सड़क	सड़क	27-फ़रवरी-19	1.3226	2.66	2.66
16	कुल्लू	गांव चकलानी के लिए सम्पर्क सड़क	सड़क	06-फ़रवरी-18	1.3796	2.76	2.76
17	भरमौर	जिला चंबा की उप तहसील होली के भरमौर मंडल के अंतर्गत दल्ली में 220/66केवी हिलिंग उप स्टेशन का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	22-जनवरी-21	1.5541	3.11	0
18	धर्मशाला	धर्मशाला मैक्लोडगंज रोपवे परियोजना	अन्य	01-जून-17	1.6958	2.07	0

क्र. सं.	मंडल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्रफल	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
19	कुल्लू	भटग्रानमौड से खादिहार सड़क किमी 0/00 से 3/440	सड़क	01-अगस्त-18	1.7118	3.5	3.5
20	चोपाल	नाओ से रिओटी हरिजन बस्ती सड़क का निर्माण	सड़क	27-जनवरी-20	1.9103	4	0
21	चंबा	वाहन योग्य सम्पर्क सड़क देवीदेहरा से मनकोट तक का निर्माण	सड़क	14-जुलाई-20	2.05	4.1	0
22	कुल्लू	मेसर्स पारस स्टोन क्रशर	खनन	12-नवंबर-18	2.1754	4.5	4.5
23	कुल्लू	मिट्टी से टांडला तक सड़क का निर्माण	सड़क	14-दिसंबर-18	2.39	4.78	4.78
24	नाचन	गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज थाची, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) के लिए भवन का निर्माण	अन्य	25-जनवरी-21	2.4836	4.9672	0
25	चोपाल	हरिजन बस्ती पोशराह से वाशद सड़क का निर्माण	सड़क	23-दिसंबर-20	2.5467	5.5	0
26	कुल्लू	शिला त्राशी दचानी सड़क	सड़क	18-मार्च-20	2.61	5.5	0
27	कुनिहार	न्यू कॉलेज बिल्डिंग, बरोटीवाला, जिला: सोलन, हिमाचल प्रदेश	स्कूल	04-अप्रैल-18	2.72	5.44	0
28	चंबा	सुई माता मंदिर से गांव मलूना तक संपर्क सड़क का निर्माण	सड़क	03-अगस्त-18	2.77	5.55	0
29	सेराज	गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज गडागुसेन, जिला कुल्लू,हिमाचल प्रदेश	अन्य	17-मई-19	2.8	4.5	4.5
30	नाचन	छेल जनजेहली से बखालवर का निर्माण	सड़क	30-अगस्त-18	3.048	7.57	0
31	सेराज	गवर्नमेंट कॉलेज सैंज, जिला कुल्लू,हिमाचल प्रदेश	अन्य	29-जुलाई-19	3.1239	6.25	6.25
32	कुल्लू	सोयल दशाल जल विदयुत परियोजना	जल विदयुत	10-जनवरी-18	3.5863	3.5863	0
33	सुकेत/नाचन	सेगली से बुराहटा सड़क का निर्माण	सड़क	25-जनवरी-21	3.77	7.54	0
34	चंबा	साच से फतेहपुर तक सम्पर्क सड़क का निर्माण	सड़क	17-फ़रवरी-20	3.86	7.72	0
35	ठियोग/चोपाल	कुठार से कनुधी वाया शाई कुंच नेरी आरडी 0/0 से 10/657 किलोमीटर	सड़क	04-दिसंबर-19	3.9205	15.35	0
36	चोपाल	उप बाजार यार्ड अंतरा वाली (नेरवा)	अन्य	20-जून-17	4.0265	8.06	0
37	सेराज	तलारा पुल से पनावी सड़क का निर्माण	सड़क	14-जनवरी-20	4.148	8.296	8.296
38	चंबा	शिमली से फतेहपुर तक सम्पर्क सड़क का निर्माण	सड़क	27-अगस्त-20	4.36	8.72	0
39	कुल्लू	बुआई के लिए सम्पर्क सड़क	सड़क	17-दिसंबर-18	4.514775	9.03	9.03
40	नाचन	मथयानिधर से नलबागी सड़क	सड़क	26-मार्च-19	4.79	9.58	0
41	चोपाल	खिलार, मंदा से बदरोली	सड़क	19-मार्च-20	4.8652	10	0
42	चंबा	पार्थोआ से सारा तक सम्पर्क सड़क का निर्माण	सड़क	17-मई-19	4.92	9.85	0

क्र. सं.	मंडल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्रफल	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
43	चोपाल	सगरोटी टिक्करी मानेओटी रोड (धन्ता से मानेओटी वाला भाग) का निर्माण	सड़क	15-जून-20	5.8027	12	0
44	धर्मशाला	एनएच-20 क किलोमीटर के लिये दो पथों का पुनर्निर्माण। 5/0 से 18/0 (नगरोटा बागवान- रानीताल-मुबारकपुर रोड)	सड़क	26-जून-20	7.0713	14.15	0
45	चोपाल	खोखा रेवती शीला डकोली रोड का निर्माण	सड़क	27-जनवरी-20	8.0651	16.5	0
46	चोपाल	लिंक रोड धाडू नाला से तेलर का निर्माण	सड़क	18-मार्च-20	8.0793	16.5	0
47	कुल्लू	मनाली रोपवे का निर्माण	अन्य	07-फ़रवरी-20	8.9899	18	0
48	भरमौर	66 किलोवोल्ट ट्रांसमिशन लाइन सलून से दल्ली	ट्रांसमिशन लाइन	18-जनवरी-19	9.876	20	0
49	कुल्लू	कुल्लू जिले में भानाग से प्रिनी तक 33केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन	ट्रांसमिशन लाइन	02-नवंबर-18	10.9119	22	22
50	चंबा	चंबा जिले में देवथल चांजू (30 मेगावाट) जल विदयुत परियोजना का निर्माण	जल विदयुत	11-अक्टूबर-19	15.64	32	0
51	चंबा	चंबा जिले के पुखारी में 132 केवी लिलो कुर्था- बथरी (132 केवी) डी/सी ट्रांसमिशन लाइन से प्रस्तावित 33/132/220 केवी जीआईएस उप स्टेशन माजरा का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	27-नवंबर-20	16.2746	32.5492	0
52	किन्नौर	66 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन 66/22 केवी जीआईएस स्विचिंग सब स्टेशन उरनी से 66/220 केवी 2× 86 एमवीए और 220/400 केवी 2× 315 एमवीए जीआईएस पूलिंग स्टेशन वांगतू, जिला किन्नौर	ट्रांसमिशन लाइन	25-जून-18	20.4874	41	0
53	चोपाल	66 केवी ट्रांसमिशन लाइन 66 केवी सब-स्टेशन सैंज से चोपाल में प्रस्तावित 66/22 केवी सब-स्टेशन तक का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	06-अगस्त-20	20.9851	41.9702	0
54	चंबा	चंबा जिले के चौराह तहसील में चांजू-III (48 मेगावाट) जल-विद्युत परियोजना।	जल विदयुत	11-अक्टूबर-19	25.98	52	0
55	भरमौर	चंबा जिले के भरमौर में होली-बजोली जल विद्युत परियोजना से 33/220/400 केवी जीआईएस पूलिंग सबस्टेशन लाहल तक 220 केवी डबल सर्कट ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	11-दिसंबर-18	30.6321	61.5	0

क्र. सं.	मंडल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्रफल	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
56	चंबा	चंबा जिले में 33/132/220 केवी जीआईएस सबस्टेशन माजरा, पुखारी से 220 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन का 33/220 केवी जीआईएस सब स्टेशन कारियन तक निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	16-जनवरी-20	43.023	87	0
57	कुल्लू	एनएचडीपी-आईवीबी की धारा एनएच-21 के तहत बजौरा से मनाली मार्ग को दो/चार पथ का बनाना। (248.300 कि.मी से 310 कि.मी)	सड़क	15-सितम्बर-17	53.5242	108	108
58	भरमौर/चंबा	चंबा जिले के राजेरा में 33/220/400 केवी जीआईएस पूलिंग सबस्टेशन लाहल से 400 केवी पीजीसीआईएल पूलिंग सबस्टेशन चमेरा-II तक 400 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	20-फ़रवरी-19	78.8158	158	0

परिशिष्ट 4.1

(संदर्भ परिच्छेद 4.1.1)

चयनित मंडलों में वर्ष 2006-07 से 2015-16 के दौरान अनुमोदित प्रतिपूरक वनीकरण मामलों की सूची

क्र. सं.	मण्डल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्र	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
1	भरमौर	स्लेट्स के निष्कर्षण के लिए	खनन	03/08/2018	0.2186	0.91	0.91
2	भरमौर	स्लेट्स के निष्कर्षण के लिए	खनन	02/09/2010	0.4087	1	1
3	भरमौर	सुईंर जलविद्युत परियोजना का निर्माण, भरमौर वन मंडल	जलविद्युत परियोजना	28/09/2007	1.0315	2.5	2.5
4	भरमौर	उरई से सैमरा तक सड़क का निर्माण	सड़क	22/09/2017	1.50	3	3
5	भरमौर	गांव कुठेड़ तक लिंक सड़क का निर्माण	सड़क	10/07/2009	1.6509	3.5	3.5
6	भरमौर	पांच मेगावाट कुवार्सी जलविद्युत परियोजना	सड़क	07/06/2012	1.8525	4	4
7	भरमौर	तीन मेगावाट तुलांग छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	13/07/2007	1.9889	4	4
8	भरमौर	डिबरी-औरा सड़क का निर्माण, भरमौर वन मण्डल	सड़क	29/12/2009	2.1408	4.5	4.5
9	भरमौर	बाजोल से गुवारी तक वाहन योग्य सड़क का निर्माण	सड़क	26/10/2018	2.62	5.5	0
10	भरमौर	दल्ली से सहन तक सड़क निर्माण (किमी 0/0 से 6/780)।	सड़क	15/02/2010	2.71	5.5	5.5
11	भरमौर	बांध की ओर से ग्राम मिन्द्रा तक सड़क का निर्माण	सड़क	09/05/2016	3.2456	6.5	6.5
12	भरमौर	उरई से घटोर सड़क का निर्माण	सड़क	18/12/2018	3.33	13.32	0
13	भरमौर	कुवारसी-II छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण (पांच मेगावाट)	जलविद्युत परियोजना	09/05/2014	3.3401	7	7
14	भरमौर	पिल्ली से सवाई तक सड़क निर्माण	सड़क	04/06/2012	3.5668	7.5	7.5
15	भरमौर	होली-II (सात मेगावाट) छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	27/04/2011	4.1595	8.5	8.5
16	भरमौर	चिरचिंड जलविद्युत परियोजना, भरमौर वन मण्डल	जलविद्युत परियोजना	03/11/2006	4.5222	10	10

क्र. सं.	मण्डल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्र	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
17	भरमौर	नयाग्राम से बजोल तक सड़क निर्माण	सड़क	21/07/2009	4.8072	10	10
18	भरमौर	हरसर से चोबिया तक सड़क निर्माण	सड़क	18/10/2018	4.8352	29.34	0
19	भरमौर	सलून छोटी जल विद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	16/03/2015	4.8764	10	10
20	भरमौर	4.50 मेगावाट कुरहेड़ छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	11/06/2008	6.4347	13	13
21	भरमौर	ट्रांसमिशन लाइन बुधिल छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	05/03/2010	21.6702	44	44
22	भरमौर	70 मेगावाट बुधिल जलविद्युत परियोजना भरमौर	जलविद्युत परियोजना	19/04/2006	27.9358	56	56
23	भरमौर	240 मेगावाट कुठेर जलविद्युत परियोजना	जलविद्युत परियोजना	11/01/2013	61.4083	123	123
24	भरमौर	बजोली होली जलविद्युत परियोजना का निर्माण (180 मेगावाट)	जलविद्युत परियोजना	20/10/2012	75.304	151	151
25	चम्बा	कृषि आदान भण्डार, मैहला का निर्माण	विविध	13/01/2017	0.04	0.5	0.5
26	चम्बा	एक्वेरियम हाउस सह संग्रहालय केंद्र का निर्माण	विविध	25/02/2016	0.05	1	0.5
27	चम्बा	सहायक पर्यावरण अभियंता कार्यालय, सुल्तानपुर	विविध	27/04/2012	0.084929	0.168	0.168
28	चम्बा	होम गार्ड बटालियन कार्यालय और ट्रांजिट कैंप (बालू)) का निर्माण	विविध	23/04/2013	0.1255	0.5	0.5
29	चम्बा	मौजा भादोर, चंबा वन मंडल में स्लेटों का खनन	खनन	10/10/2006	0.16	0.5	0.5
30	चम्बा	मौजा तूर में स्लेटों का उत्खनन	खनन	23/06/2010	0.16	0.5	0.5
31	चम्बा	सतोहर में खेल मैदान एवं स्टेडियम का निर्माण	विविध	22/11/2010	0.2	0.5	0.5
32	चम्बा	मौजा करियन में स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान	विविध	27/07/2011	0.32	1	1
33	चम्बा	मौजा सुल्तानपुर में मणिमहेश स्टोन क्रशर	खनन	13/02/2009	0.34	1	1
34	चम्बा	चंबा में डीएवी स्कूल, चंबा वन मण्डल	विविध	04/08/2006	0.4211	1	1

क्र. सं.	मण्डल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्र	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
35	चम्बा	पांच मेगावाट डुनाली छोटी जलविद्युत परियोजना, चंबा वन मण्डल	जलविद्युत परियोजना	15/01/2007	0.959	2	2
36	चम्बा	सुल्तानपुर में स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निर्माण	विविध	17/08/2010	0.9879	2	2
37	चम्बा	जीएसएसएस भरियां-कोठी में मॉडल स्कूल भवन का निर्माण	विविध	22/09/2017	1.2	2.5	0
38	चम्बा	शासकीय डिग्री कॉलेज लिहलकोठी का निर्माण	विविध	13/04/2017	1.2	2.5	2.5
39	चम्बा	मौजा बरोर में रेत, पत्थर एवं बजरी का उत्खनन	खनन	07/03/2011	1.3638	3	3
40	चम्बा	मैसर्स हिमालयन स्लेट एंड स्टोन्स	खनन	03/03/2008	1.392	3	3
41	चम्बा	ग्राम राडी तक लिंक रोड का निर्माण	सड़क	18/06/2014	1.52	3.1	3.1
42	चम्बा	देवीदेहरा से बकटपुर तक सड़क निर्माण	सड़क	16/04/2008	1.67	4	4
43	चम्बा	मोहरी-नाला कुठार सड़क	सड़क	25/03/2008	1.672	3.5	3.5
44	चम्बा	कियानी-मौवा-मकोल्सू सड़क का निर्माण	सड़क	11/04/2008	1.72	3.5	3.5
45	चम्बा	साहू में दो मेगावाट डिकलेरी छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	23/06/2010	1.9321	4	4
46	चम्बा	किरी-बंजाल सड़क का निर्माण	सड़क	22/08/2014	2.21	4.5	4.5
47	चम्बा	सुनारा से एंड्रूड सड़क का निर्माण	सड़क	16/09/2010	2.22	4.5	4.5
48	चम्बा	4.5 मेगावाट हुल जलविद्युत परियोजना, वन मंडल चंबा	जलविद्युत परियोजना	18/07/2006	2.2346	4.5	4.5
49	चम्बा	हिसरुंड छोटी जलविद्युत परियोजना का निर्माण (तीन मेगावाट)	जलविद्युत परियोजना	04/02/2015	2.413	6	6
50	चम्बा	भनेरा से कोलका सड़क का निर्माण, चंबा तक	सड़क	17/03/2008	2.48	5	5
51	चम्बा	राख से धनारा सड़क का निर्माण	सड़क	25/03/2008	2.49	7	7
52	चम्बा	पनेला से घाटरेड सड़क का निर्माण	सड़क	22/02/2011	2.6	5.2	5.2
53	चम्बा	जखला धार पुखरा सड़क का निर्माण	सड़क	25/02/2011	2.612	5.25	5.25
54	चम्बा	साल-II (तीन मेगावाट) जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	02/03/2012	2.6947	6	6

क्र. सं.	मण्डल	प्रस्ताव का नाम	श्रेणी	अंतिम अनुमोदन की तिथि	हेक्टेयर में क्षेत्र	निर्धारित प्रतिपूरक वनीकरण	किया गया प्रतिपूरक वनीकरण
55	चम्बा	दुनाली से कलांस सड़क का निर्माण	सड़क	18/06/2014	2.73	5.5	5.5
56	चम्बा	मलबा निपटान स्थलों के लिए अतिरिक्त वन भूमि (चमेरा-III)	जलविद्युत परियोजना	09/07/2009	2.83	6	6
57	चम्बा	घूम से जंजला सड़क का निर्माण	सड़क	17/06/2011	2.86	6	6
58	चम्बा	कलसुइन से ट्राला सड़क का निर्माण	सड़क	15/04/2016	3.09	6.5	6.5
59	चम्बा	रजेरा-गुड्डा-बोगा सड़क का निर्माण	सड़क	26/09/2017	3.18	6.5	6.5
60	चम्बा	दुनाली से ब्रेही सड़क चंबा का निर्माण	सड़क	17/03/2008	3.402	7	7
61	चम्बा	ग्राम सैरना तक सड़क का निर्माण	ट्रांसमिशन लाइन	02/06/2011	3.44	7	7
62	चम्बा	परौंथा से कुरैना धार सड़क का निर्माण	सड़क	15/12/2009	3.58	8	8
63	चम्बा	सुनारा से ताग्गी सड़क का निर्माण	सड़क	22/02/2011	3.6	7.2	7.2
64	चम्बा	8मेगावाट अपर जॉइनर-II जलविद्युत परियोजना का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	25/04/2014	3.8772	8	8
65	चम्बा	बकानी से धारेबेटा सड़क का निर्माण	सड़क	20/07/2018	4.35	9	9
66	चम्बा	पांच मेगावाट कुर्था छोटी जल विद्युत परियोजना	जलविद्युत परियोजना	06/09/2012	4.7494	10	10
67	चम्बा	बकानी से कलवाड़ा सड़क का निर्माण	सड़क	13/10/2010	4.75	9.5	9.5
68	चम्बा	चंबा-संदूह सड़क का निर्माण	सड़क	19/04/2010	4.868	10	10
69	चम्बा	बागीगढ़-चांजू-जखाला-सुमरा सड़क	सड़क	16/08/2010	4.9126	10	10
70	चम्बा	कोलका-जटकरी सड़क, चंबा वन मंडल।	सड़क	25/03/2008	4.94	10	10
71	चम्बा	कैंथली से जंद्राह सड़क का निर्माण	सड़क	24/06/2011	4.96	9.92	9.92
72	चम्बा	सूरी से कैला सड़क का निर्माण(0/0 से 10/00)	सड़क	23/12/2009	5	10	10
73	चम्बा	मेहला भगियार हुरैद रोड से लिंक रोड	सड़क	22/09/2017	7.69	15.5	15.5
74	चम्बा	ट्रांसमिशन लाइन जीआईएस एस/स्टेशन कैरियन से राजेरा तक	ट्रांसमिशन लाइन	21/01/2013	11.45	23	23
75	चम्बा	220 केवी डी/सी बुधिल चमेरा-III ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण	जलविद्युत परियोजना	05/03/2010	12.744	25.5	25.5

